तापमान

अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025



10 उठा ले गए 68 लाख क्विं. धान बदले में सिर्फ 6 फीसदी चावल जमा





11 बीएसपी में कम हो रहे नियमित कर्मचारी, बढ़ रहे हैं ठेका मजदूर









## 125 साल का हुआ दुर्ग निकाय, आज समृद्ध निगम

दुर्ग को 1910 में नगर पालिक परिषद बनाया गया। पालिका के पहले अध्यक्ष द्वारिकानाथ तिवारी रहे। इसके बाद इस पद को शहर के प्रतिष्ठितजनों में घनश्याम सिंह गुप्ता, दाऊ मन्नूलाल, पं. रत्नाकर झा, मोहन लाल बाकलीवाल, प्रहलाद तिवारी जैसी विभूतियों ने सुशोभित किया। पुराने जानकारी बताते हैं कि पालिका गठन के समय संस्था को मजिस्ट्रेड के समान अधिकार प्राप्त थे। 1908 में ये अधिकार दिए गए थे। इसके बाद 1961 में अधिनियमों में संशोधन किया गया। 2 अप्रैल 1981 को दुर्ग को निगम का दर्जा दिया गया। इसके बाद निगम के पहले मेयर के रूप में सुच्चासिंह ढिल्लो ने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद आलमदास गायकवाड़, गोविंदलाल धींगड़ा, शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, सरोज पांडेय, डॉ. एसके तमेर, चंद्रिकार चंद्राकर, धीरज बाकलीवाल मेयर बने। वर्तमान में इस पर अल्का बाघमार पदस्थ हैं। वर्तमान समय में निकायों का कार्यकाल पांच वर्ष के लिए कर दिया गया है, पहले हर एक वर्ष में मेयर बदल जाते थे।

# दुर्ग का इंदिरा मार्केट कॉम्प्लेक्स प्रदेश का रोल मॉडल, जिसे निगम ने खुद के खर्च और बैंक से लोन लेकर किया था तैयार

**प्रदेश के अधिकांश निकाय जहां आर्थिक रूप से शासन पर निर्भर, वहीं दुर्ग निगम ने लिखी थी अलग इबारत**

अतुल अग्रवाल ⏭भिलाई

प्रदेश के लगभग सारे निकाय आज आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। अपने क्षेत्रों में मूलभूत जरुरतों को भी पूरा करने में अक्षम है। पूरी तरह से राज्य शासन पर निर्भर हैं। ऐसे में यह बताना लाजिमी है कि दुर्ग निगम अपने तरह का पहला निगम रहा, जिसने बिना किसी सरकारी मदद के वर्ष 1985 से 1987 के बीच 1 करोड़ 10 लाख 40 हजार रुपए खर्च कर ऐसा निर्माण किया, जिसने आगे चलकर पूरे प्रदेश के लिए रोल मॉडल होने का गौरव प्राप्त किया। शासन ने सभी निकायों के लिए ऐसे कॉम्प्लेक्स के निर्माण से आर्थिक निर्भरता हासिल करने के लिए आदेश जारी किया। हालांकि निकायों में इसके बाद भी व्यापक सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन इंदिरा मार्केट का कॉम्प्लेक्स आज भी दुर्ग निगम के लिए आय का एक बड़ा स्त्रोत बनाा हुआ है। खास बात यह है कि इन दुकानों को बनाने के लिए शुरुआत में बैंक ऑफ बड़ोदा से 45 लाख रुपए का लोन लिया गया। करीब 236 दुकानों की स्वीकृति ली गई और काम शुरू किया गया। दुकान बनने के बाद इससे जो आय हुई, उससे दूसरे फिर तीसरे चरण में दुकानों का निर्माण किया जाता रहा। इस प्रकार करीब 1.10 करोड़ रुपए खर्च कर 609 दुकानों और 400 चबूतरा का निर्माण किया गया, जो आज एक पूरे बाजार के रूप में विकसित हो चुका है और शहर के सबसे बड़े बाजार होने का गौरव प्राप्त है। इससे निगम को हर साल आज करीब डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हो रहा है।

### 40 वार्ड का दुर्ग आज 60 वार्डों का हो चुका, आउटर के कई ग्रामीण क्षेत्र जद में आ चुके

वर्ष 1985-86 और उससे पहले 40 वार्डों का दुर्ग समय के साथ बढ़ते जा रहा है। वर्ष 1994 में निगम 58 वार्डों का हुआ। वर्तमान में दुर्ग निगम में 60 वार्ड है। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनोदा, धनोरा, कोलिहापुरी, पीसेगांव, अंजोरा, चिखली, बेलौदी, मोहलाई जैसे गांव पूरी तरह से शहर से जुड़े चुके हैं। आने वाले समय में इन गांवों को शहर में शामिल किए जाने की योजना भी बन चुकी है। हालांकि शासन से मंजूरी नहीं मिल पाई है। वर्तमान शहर के पांच साल में आर्थिक निर्भरता, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना, रोजगार के साधन विकसित करना, नया बाजार तैयार करना सबसे बड़ी चुनौती है।

### शासन से नहीं मिला फंड तो तत्कालीन महौपर ने बनाई योजना



जानकारी के मुताबिक निगम गठन के बाद दायित्व बढ़े और क्षेत्र का भी विस्तार हुआ। ऐसे में निगम को ज्यादा राजस्व की जरुरत थी। इसे देखते हुए तत्कालीन मेयर शंकर लाल ताम्रकार ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र में दुकानों के निर्माण की योजना बनाई। उस समय सरकार ने फंड नहीं होने की बात कहते हुए राशि देने से इंकार कर दिया। इस बार ताम्रकार ने बैंकों से लोन लेकर दुकान बनाने और रोजगार का सृजन करने की ठानी। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ोदा से संपर्क किया और लोन लिया। प्रथम चरण में 236 दुकानों की स्वीकृति ली, इसमें 176 दुकानों का निर्माण कर दिखाया। इन दुकानों को बेचा और किराया तय किया। इससे जो राशि मिली, उसे पुन: दुकान निर्माण में लगाया। इस तरह महज दो सालों में 609 दुकान और 400 चबूतरे बनाए। इतना ही नहीं बस स्टैंड, कसारीडीह में दुकानों का निर्माण कराया गया। साथ ही चंद्रशेखर आजाद और महात्मा गांधी स्कूल बनाया गया।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी मामले में डॉ. खंडूजा की जमानत याचिका कोर्ट से खारिज

दुर्ग। धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी बनाए गए डॉ. मनमोहन खंडूजा की जमानत याचिका बुधवार को कोर्ट से खारिज हो गई। इस मामले में प्रभात नारायण शुक्ला ने स्मृतिनगर पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 31 अगस्त 2008 को बीएसपी के शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त था। 27 अप्रैल को राजेश राय उनके पास आया उसने बताया कि डॉ. खंडूजा बीएसआर हेल्थ वेंचर में राशि पांच वर्ष में दुगुनी मिलेगी। उन्होंने स्वयं और पत्नी के नाम से 14-14 लाख रुपए जमा किए। इसके लिए गारंटी स्वरूप देना बैंक के दो चेक 14-14 लाख रुपए के दिए गए। वायदे के अनुरूप राशि नहीं लौटाई गई। इस पर मामले में पुलिस ने धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले में डॉ. मनमोहन खंडूजा को आरोपी बनाया गया है। उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। बता दें कि मामले में पुलिस ने आरोपी को 23 जनवरी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

### शहर में दिन और रात का तापमान सामान्य से ज्यादा

भिलाई। ट्विनसिटी में दिन और रात का तापमान इस समय सामान्य से ज्यादा है। इस वजह से गर्मी महसूस होने लगी है। हवा भी गर्म हो चली है। अधिकतम तापमान में वृद्धि और न्यूनतम तापमान में कमी के संकेत हैं। बुधवार को दुर्ग जिले के दिन का तापमान 35 डिग्री के करीब रहा। यह सामान्य से करीब चार डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 0.4 डिग्री कम रहा। दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों और शहरों में भी इस समय दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। आने वाले 48 घंटों के दौरान तापमान में थोड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। अधिकतम तापमान में अगले तीन दिनों में दो से तीन डिग्री की वृद्धि होगी।

**जिला पंचायत की 4, पाटन जनपद की 25, सरपंच की 108 और पंच की 1695 सीटों के लिए हो रहा चुनाव**

# पंचायत चुनाव का दूसरा चरण आज, 4013 प्रत्याशियों के भाग्य का होना है फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

त्रिस्तरीय पंचायत के दूसरे चरण में पाटन की सीटों के लिए मतदान 20 फरवरी को होगा। सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक बैलेट पेपर में मतदान होगा। जिला पंचायत क्षेत्र के 9, 10, 11, 12 जो कि पाटन से आते हैं के लिए 12 प्रत्याशी, जनपद की 25 सीटों के लिए 84 और सरपंच की 108 सीटों के लिए 462 मैदान में हैं। पंच के 1695 पद के लिए 3455 प्रत्याशी मैदान में हैं। पहले चरण का मतदान निपटने के बाद पाटन में दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी को होना है। इसके लिए 294 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मतदान केन्द्र में सुरक्षा की दृष्टि के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने बताया कि 294 बूथों में शांतिपूर्ण मतदान कराने 1470 कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त सुरक्षा के कर्मचारियों की ड्यूटी पुलिस विभाग की ओर से लगाई गई है। ग्रामीण मतदाताओं को पंच, सरपंच, जनपद ओर जिला पंचायत सदस्य सहित चार पदों के लिए वोट देना है। दूसरे चरण में एक लाख 66149 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसमें 83364 पुरुष व 843692 मतदाता हैं।




### चार पद के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्र, सावधानी जरूरी

पाटन स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर से मतदान सामग्री लेकर दल संबंधित केन्द्रों के लिए रवाना हुई। पंचायत चुनाव में मतदाता को चार अलग-अलग मतपत्र में वोट देना होगा। पंच-सफेद, सरपंच-नीला, जनपद सदस्य-पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र है। मतदान समाप्ति पश्चात मतदान केन्द्र में ही मतों की गणना की जाएगी। मतगणना पश्चात मतदान दलों द्वारा निर्धारित सामग्री वितरण केन्द्र में ही मतदान सामग्री 20 फरवरी की शाम से देर रात्रि तक जमा की जाएगी। बता दें कि अलग-अलग रंग के मतपत्र को लेकर सावधानी जरूरी है। इसे लेकर मतदाताओं को लगातार जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

### जिला पंचायत की एक सीट पर सीधी टक्कर

| | |
|---|---|
| मतदाता -166149 | मतदान केंद्र 294 |
| महिला - 84,369 | पुरुष -83364 |

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 देवेन्द्र कुमार चंद्रवंशी, दिव्या दमयंती कलिहारी व रोहित कुमार चार प्रत्याशी हैं। वहीं क्षेत्र क्रमांक 10 नीलम चन्द्राकर, संतोषी तिवारी, शशि यादव व टिकेश्वरी बंजारे है। जबकि क्षेत्र क्रमांक 11 नोमिन ठाकुर व शैलेन्द्री मंडावी के बीच सीधी टक्कर है। वहीं क्षेत्र क्रमांक 12 कल्पना बाई साहू, सोनकुमारी साहू व सुमन साहू का त्रिकोणीय मुकाबला हैं। इस प्रकार पाटन सीट के इन जिला पंचायत सदस्यों के लिए रोचक मुकाबला है। अधिकारियों के मुताबिक जनपद, सरपंच और पंच के रिजल्ट देर शाम तक आ जाएंगे, लेकिन जिला पंचायत सदस्यों की मतगणना में समय लगेगा।



# तिरगा में फर्जी मतदान का आरोप ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

पंचायत चुनाव के अंतर्गत ग्राम तिरगा में हुए मतदान के दौरान फर्जीवाड़ा के आरोप लगे हैं। इसे लेकर ग्रामीण रैली की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जमकर नारेबाजी की। साथ ही फर्जी मतदान का आरोप लगाया है। ग्रामीणों की मांग थी कि, वो कलेक्टर से अपनी बात रखना चाहते हैं। इसके बाद तहसीलदार हुलेश्वर नाथ खूंटे ने उनकी बात सुनी। पूर्व जनपद पंचायत सदस्य भूपेंद्र बेलचंदन ने आरोप लगाया कि चुनाव ड्यूटी में लगे रेड क्रॉस और स्काउट गाइड के वॉलेंटियर को सरपंच प्रत्याशी ने पैसे देकर प्रलोभन दिया है। ऐसा कर उसने बच्चों के जरिए बुजुर्ग मतदाताओं से निर्धारित प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कराया है। यह पूरी तरह से आचार संहिता का उल्लंघन है। तिरगा ग्राम पंचायत में सरपंच का चुनाव गलत तरीके से हुआ है। इसलिए इस मामले की निर्धारित समय में निष्पक्ष जांच की जाए। जांच होने तक नए सरपंच को प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाए। ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन में नव निर्वाचित पंच भी शामिल थे। उन्होंने तहसीलदार को चेतावनी दी कि यदि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई नहीं होती है, तो सभी पंच सामूहिक रूप से अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। इसकी जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। 9वीं की छात्रा स्काउट गाइड भूमिका देशमुख और छात्र राजकुमार ने बताया कि उनके समेत बाकी बच्चों की ड्यूटी वॉलेंटियर के रूप में लगी थी। उनके सामने स्काउट गाइड और रेड क्रॉस के बच्चों को पैसे दिए। 8 लोगों की ड्यूटी वहां लगी थी, जिसने पैसा नहीं लिया, उसकी ड्यूटी व्हील चेयर पकड़ने में लगा दी गई थी। बहरहाल निर्वाचन अधिकारी ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

- जांच और कार्रवाई की मांग प्रशासन ने दिए जांच के निर्देश

# सफाई कर्मी मिले नदारद,12 का कटा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



रिसाली निगम की आयुक्त मोनिका वर्मा ने बुधवार की सुबह वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई के दौरान 12 कर्मचारी मौके से नदारत मिले। उनके बारे में तत्काल जानकारी ली गई। साथ ही उन सभी का वेतन काट दिया गया। निगम अधिकारियों के मुताबिक जिन कर्मचारियों का वेतन काटने आदेश हुआ है, उनमें जतिन बारले, आदित्य शर्मा, देवेन्द्र पुरैना, बिसौहा राम, विद्या भूषण, संतोष साहू, कुसुमलता, टेकराम हरिन्द्रवार, विवेक रंगनाथ, बृजेश कुमार, नोमिश तिवारी, मोहन यादव शामिल हैं। आयुक्त ने सुलभ शौचालयों की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी को चेक लिस्ट जारी करने और उसके हिसाब से सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शौचालय के पास कब्जा देख नाराजगी भी व्यक्त की। साथ ही तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा कि मरम्मत कार्य की जगह लीपापोती होने पर निरीक्षणकर्ता जिम्मेदार होंगे।

# शहर के सारे शौचालय तत्काल सुधारे जाएं नहीं तो जिम्मेदारों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

भिलाई निगम भी शौचालयों की व्यवस्था सुधार को लेकर हरकत में आ गया है। बुधवार को निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने सुलभ शौचालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था से लेकर अन्य सारी सुविधाएं तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की बात कही। अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया कि भिलाई के जोन 3 क्षेत्र में शौचालयों का संधारण कार्य कराया जा रहा है। इसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। उन्होंने वार्ड 30 प्रगति नगर, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर व स्टील नगर, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम, वार्ड 33 संतोषी पारा एवं वार्ड 37 सुभाषचंद्र बोस सब्जी मंडी का निरीक्षण किये एवं शौचालय संधारण की प्रगति, गुणवत्ता की जांच की।



5 शौचालयों का औचक निरीक्षण


**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301


**वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के इस ड्रीम प्रोजेक्ट पर बिल्डर अजय करेंगे काम**

# रामनगर मुक्तिधाम में होंगे आध्यात्मिकता के दर्शन, 10 करोड़ से संवरेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन के ड्रीम प्रोजेक्ट रामनगर मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का काम जल्द शुरू होगा। इसके सौंदर्यीकरण पर करीब 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। महापौर परिषद की बैठक में रूचि की अभिव्यक्ति के तहत लाए गए प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। बिना सरकारी मदद से रामनगर मुक्तिधाम को संवारा जाएगा। बिल्डर अजय चौहान इस काम को करेंगे। अपने तरह के इस नए पायलट प्रोजेक्ट की प्रशंसा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की है। योजना के अंतर्गत मुक्तिधाम परिसर को आध्यात्मिक केंद्र बनाया जाएगा। गार्डन, वातानुकूलित बड़े हाल, पेड़-पौधे, भगवान की प्रतिमाएं, फव्वारा, प्रार्थना कक्ष, वातानुकूलित शोक सभा हाल, बड़े कक्ष, साउंड सिस्टम से लैस एलईडी स्क्रीन के साथ विशेष आध्यात्मिक स्वरूप से मुक्तिधाम को संवारा जाएगा। वातानुकूलित प्रार्थना हाल भी होगा, जिसमें अंतिम संस्कार का क्रियाकलाप एक बड़े स्क्रीन पर लाइव लोग देख सकेंगे। भव्य प्रवेश और निकास द्वार बनेंगे। टाइल्स और मार्बल से सुसज्जित श्रद्धांजलि सभा कक्ष, अंतिम संस्कार के बाद के कार्यक्रम के लिए हाल, गार्डन सहित पूरा क्षेत्र अत्यधिक स्वच्छ होगा।



### एमआईसी से मंजूरी के साथ योजना पर शुरू हुआ काम

इसे लेकर वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि महापौर परिषद की बैठक में रामनगर मुक्तिधाम के उन्नयन को लेकर मंजूरी दे दी गई है। इसके लिए निगम प्रशासन ने टेंडर भी जारी किया था, अब जल्द ही मार्च महीने से काम शुरू कराया जाएगा। 5 से 10 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को बिना किसी शासकीय मद या फंड से पूरा किया जा रहा है। रामनगर मुक्तिधाम को निजी खर्च से वेल डेवलप्ड करने शहर के बिल्डर अजय चौहान ने रूचि दिखाई थी। विधायक रिकेश सेन ने पूरा प्रोजेक्ट तैयार कर कलेक्टर और राज्य शासन को भेजा था। सभी जगह से स्वीकृति बाद विकास का रास्ता भी खुल गया है।

### प्रदेश में बनाएगा अपनी एक अलग पहचान, फिलहाल फ्री में लकड़ी उपलब्ध करा रहे

रामनगर मुक्तिधाम को वेल डेवलप्ड करने की कार्ययोजना बनी है। यह मुक्तिधाम में प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाएगा। रिकेश सेन ने इसके लिए उद्योगपतियों, समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों से चर्चा की थी। तब बिल्डर अजय चौहान ने आगे आकर कहा था कि वे अपने माता-पिता के नाम पर राम नगर मुक्तिधाम को वेल डेवलप्ड कर विशेष आध्यात्मिक स्वरूप देना चाहते हैं। इसमें जो भी खर्च आएगा, उसे वे खुद वहन करेंगे। भविष्य में इसके रखरखाव पर भी योजना तय कर ली गई है। अब राम नगर मुक्तिधाम 10 करोड़ की लागत सेबहुत जल्द राम नगर मुक्तिधाम का नया स्वरूप भिलाई की विशेष पहचान में भी शूमार होगा।




# परीक्षा सामग्री लेने से पहले देंगे टोकन, इंतजार करने से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2025 दिनांक 1 मार्च 2025 से प्रारंभ हो रही है। उक्त परीक्षा की सफल संचालन हेतु गोपनीय सामग्री का वितरण दिनांक 24 फरवरी 2025 एवं 25 फरवरी 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम शा.जे.आर.डी.बहु.उ.मा.वि. दुर्ग छ.ग किया जाएगा।

गोपनीय सामग्री प्राप्त करने के लिए मुख्य परीक्षा केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष व प्राचार्य उपस्थित होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से रूट चार्ट बनाया गया है। पहले उन्हें टोकन दिया जाएगा। फिर उसी क्रम से परीक्षा सामग्री दी जाएगी। 24 फरवरी को 80 और 25 फरवरी को 55 परीक्षा केंद्रों को परीक्षा सामग्री दी जाएगी। इसके लिए प्राचार्यों या उनके प्रतिनिधियों को सुबह 10.30 बजे तक वितरण केंद्र पहुंचने को कहा गया है। परीक्षा के दौरान होने वाली किसी भी समस्या को हल करने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसके लिए प्राचार्य सहायक सांख्यिकी अधिकारी अमित घोष और चिरपोटी स्कूल के व्याख्याता संजय कुमार मानिकपुरी को जिम्मेदारी दी गई हैं। परीक्षा सामग्री को केंद्रों तक लेकर जाने के लिए रूट चार्ट भी बनाया गया है।

## आगामी 24-25 फरवरी को सामग्री का वितरण, समय बचाने देंगे टोकन

### ग्रामीण स्कूलों में 24 फरवरी को देंगे सामग्री

प्रथम दिवस 24 फरवरी को कुल 80 केन्द्रों को प्रश्न पत्र वितरण किया जावेगा। जहां पहले रूट के तहत शास./अशासकीय. उ.मा.शा. 1 थनोद, चन्दखुरी, अंजोरा ख रसमड़ा, सेजस नगपुरा, बोरई, अण्डा, मतवारी, तिरगा, रुट क. बेलौदी, पुलगांव निकुम, दूसरे रुट के तहत रिसाली, मरोदा टैंक, सेजस उतई, कन्या उतई, पुटई, उमरपोटर्टी डुन्डेरा, सेजस सेलूद, कन्या सेलूद, देवादा, कन्या तर्रा, मर्रा, शा. हास्कूल कानाकोट (नया), पुधवा मवान्दर, पाउवारा, पंहडोर, तीसरे रूट के लिए जेवरा सिरसा, करंजा मिलाई, ननकट्ठी, मेड़ेसरा, खम्हरिया, खपरी, बोरी, नवागांव पुरदा लिटिया, टेमरी, हिरी, चीचा, घोटवानी, चौथे रूट के लिए केसरा, सेजस पाटन, कन्या पाटन, तेलीगुंड़रा, सेमरी, भनसुंली, तरीघाट, ओदरागहन, सेजस रानीतराई, बेल्हारी, सेजस जामगांव आर. बटरेल, कन्या रानीतराई, पांचवे रुट के लिए कुगदा, सेजस कुम्हारी, पाहंदा, कपसदा, लिमतरा, जामगांव एम. झीट, अमलेश्वर, जमराव, सांकरा पाटन, साथ ही छठवें रूट के लिए बालक धमधा, कन्या धमचा, पेन्ड्रावन, दारगाव, राजपुर, कन्हारपूरी, बरहापुर, घोंठा, देवरी, गोढ़ी, सेमरिया, सेजस अहिवारा, नंदनी सुंदनी, गिरहोला, माटरा का शामिल किया है।




### शहरी स्कूलों में 25 को देंगे परीक्षा सामग्री

द्वितिय दिवस 25 फरवरी को कुल 55 स्कूलों को प्रश्न पत्र वितरण किया जावेगा। जहां सातवां रूट के लिए सेजस जे.आर.डी. दुर्ग, आदर्श कन्या दुर्ग, तिलक कन्या दुर्ग, महात्मा गांधी, महावीर जैन, बोरसी सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह, दाउ ररु प्रसाद दुर्ग, तकियापारा, धनोरा नया केन्द्र, आठवें रुट के लिए तुलाराम आर्य कन्या, शास.उ.मा.वि. उरला दुर्ग (नया), खालसा पब्लिक दुर्ग, सनसाईन, एल.एन. किल्ला दुर्ग, तितुरडीह दुर्ग, सेजस दीपक नगर, नौवें रुट के लिए इंदिरा गांधी रामनगर, कन्या वैशाली नगर, कोहका, कोसानगर, बालक सुपेला, कन्या सुपेला प्रयास श्रवण विकलांग संस्था सुपेला, मुक्तिधाम भिलाई, हाउसींग. बोर्ड, जामुल, डौर, कुरूद, सुरसुंग, नारा, सरस्वती विहार अग्रेजी मा. हाउसिंग बोर्ड, अहेरी. दसवें रुट के लिए बी.एस.पी सेक्टर 02, सरस्वती शि.मं. सेक्टर 04, शा.उ.मा.शा. सेक्टर. 09. शास. हाई स्कूल सेक्टर 07 भिलाई , रुआबांधा को शामिल किया है। 11वें रूट में शास. केम्प. 1 भिलाई, छावनी, शा.उ.मा.वि. जे. पी. नगर केम्प 02 (नया), शा. जोन 2 सेक्टर. 11 खुर्सीपार, निर्मला रानी खुर्सीपार, पं ज.ला.ने. न्यू. खुर्सीपार, बी.एस.पी. कन्या उ.मा.वि. खुर्सीपार को शामिल किया है और 12 वें रुट के लिए कन्या भिलाई 03, पुरैना, चरोदा, जरवाय, सोमनी, आँधी, ज्योति चरीदा, देवबलोदा, जंजगीरी, उरला बी.एम.वाय को शामिल किया है।

---

**खबर संक्षेप**




### शहर के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, पुरस्कार से नवाजे गए

दुर्ग। ओडिशा के शहर कटक में जाकर भिलाई-दुर्ग के बच्चो ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरुस्कार प्राप्त किए है। आयोजन उडीसा के कटक में हुई, वहां 27 ग्लोबल थिएटर फेस्टिवल ऑर्गनाइज्ड बाय थिएटर मूवमेंट 2025 में स्वर गंधर्व के बच्चो ने भाग लिया। स्वर गंधर्व के विद्यार्थी आर्नव विष्णु चक्रवर्ती ने हिन्दुस्तानी वोकल लाईट संगीत में पहला प्राइज और की बोर्ड क्लासिकल माइनर ग्रुप में सेकेंड प्राइज प्राप्त किया है। वहीं 18 जनवरी 2025 को इस प्रतियोगिता बच्चो ने हिस्सा लिया था। आर्नव विष्णु चक्रवर्ती एमजीएम सेक में केजी 1 के छात्र है और उनके अभिभावक विष्णु सोमन और अंकिता चक्रवर्ती हैं। अर्णव ये पुरस्कार प्राप्त कर छत्तीसगढ़ और अपने गुरु कुसुम बैनर्जी और अजीत बैनर्जी का नाम रोशन किया है। आर्णव ने इससे पहले भी ऑल इंडिया डांसर रायपुर 2024, केरला समाज सेक्टर 4, जैसे कई प्रतियोगिताओ में हिस्सा लेकर अपना स्थान बनाया है। उनकी इस उपलब्धियों ने गुरु, स्कूल तथा अभिभावकों को गोरान्वित किया है।

---

## अनदेखी : सरकारी धान का राइस मिलों में भौतिक सत्यापन नहीं

# उठा ले गए 68 लाख क्विं. धान बदले में सिर्फ 6 फीसदी चावल जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग। धान खरीदी की प्रक्रिया भले ही निपट गई है। लेकिन यहां कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया बुरी तरह से चरमरा गई हैं। जिले के मिलरों ने 68 लाख क्विंटल से अधिक का धान उठा लिए है। लेकिन बदले में सिर्फ छः फीसदी ही चावल अब तक जमा किए हैं। शुरूआती दौर में ही मिलर सरकारी धान और चावल में सेंध लगा रहे है। इसके बाद भी जिला प्रशासन कोई एक्शन नही ले रही हैं।

मिली जानकारी अनुसार जिले में 57 लाख 61070 क्विंटल धान की खरीदी हुई हैं। दुर्ग में डेढ सौ से अधिक मिलर है। यहां मिलिंग क्षमता अधिक होने के कारण यहां के मिलरों से न सिर्फ दुर्ग बल्कि बेमेतरा, बालौद, राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ जिले से धान का उठाव कराया गया है। जिले के मिलरों से मार्कफेड द्वारा 132 लाख क्विंटल कस्टम मिलिंग एग्रीमेंट किया गया हैं। एग्रीमेंट करने के बाद मार्कफेड को मिलिंग की परवाह ही नही है। निर्धारित एग्रीमेंट के तहत मिलरों को 66 फीसदी यानि 87 लाख क्विंटल से अधिक का चावल जमा करना है। लेकिन अब तक मिलरों ने नान और एफसीआई में सिर्फ 6 लाख 90720 क्विंटल का चावल जमा किया है।

**चुनावी माहौल में मशगूल जिम्मेदारी अधिकारी व कर्मचारी**



### एफसीआई में जगह नहीं होने का हवाला

मिलरों की माने तो एफसीआई में चावल रखने की जगह नही हैं। जिसके चलते ट्रको की रैक नही लग पा रही हैं। बताया गया कि, अभी भी पिछले साल यानि वर्ष 2024-25 का चावल जमा नही किया है। ऐसे में इस वर्ष 2025-26 का चावल जमा नही करने पूरी छूट दे दी गई हैं। इस तरह एफसीआई में पिछले लंबे समय से गोदाम में जगह नही होने का हवाला देकर पिछले सीजन का चावल भी जमा नही कराया गया हैं।

### हर माह 25 लाख क्विंटल मिलिंग की क्षमता

दुर्ग जिले में डेढ सौ से अधिक अरवा और उसना राईस मिल है। जिले के मिलरों ने नवंबर से अब तक लगातार धान उठाने की प्रक्रिया शुरू कर चुके है। लेकिन इन चार माह में एक माह की क्षमता के अनुसार चावल जमा नही किए हैं। जबकि धान खरीदी के नीति में धान उठाने के बाद राईस मिलों की भौतिक सत्यापन के निर्देश थे। धान उठाने के बाद जिला प्रशासन ने भी जांच नही की हैं।

### उपार्जन केन्द्र से धान तक नहीं उठे

जानकारी अनुसार जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग जिले में 57 लाख क्विंटल की खरीदी की गई थी। जिसमें अब तक साढे तीन लाख क्विंटल धान उठाव बाकी है। इसी तरह बेमेतरा जिले में 157633 किसानों से 93 लाख 71 हजार क्विंटल धान खरीदी की गई थी। जिसमें 24 लाख क्विंटल धान केन्द्रों में पडे हुए है। वहीं बालोद जिले में 147911 किसानों से 75 लाख 65 हजार क्विंटल खरीदी की गई। यहां अभी भी नौ लाख क्विंटल धान का उठाव नही हुआ है।

---

# शपथ ग्रहण में शामिल होंगे मुख्यमंत्री, तारीख का इंतजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम चुनाव के ऐतिहासिक जीत के बाद अब शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर कवायद शुरू हो गई है। राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार तीन मार्च के पहले प्रथम सम्मेलन कराने के निर्देश दिए है। बहरहाल भाजपा संगठन द्वारा मुख्यमंत्री से लगातार संपर्क किया जा रहा है। तारीख मिलते ही कार्यक्रम में तय हो जाएगी।

- प्रथम सम्मेलन के ही दिन सभापति चुने जाएंगे

निगम चुनाव जीतने के बाद भाजपा प्रत्याशियों इन दिनों फूले नही समा रहे है। उनके उत्साह को देखकर लग रहा है कि, जल्द ही वे उतनी ही उर्जा के साथ काम करने को तैयार बैठे है। बहरहाल शपथ ग्रहण का इंतजार किया जा रहा हैं। प्रथम सम्मेलन के दिन ही शपथ ग्रहण और सभापति का चुनाव कर लिया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री से तिथि नही मिलने के कारण कार्यक्रम तय नही हुआ है। लेकिन राज्य शासन द्वारा प्रथम सम्मेलन कराने अधिसूचना जारी कर दी गई हैं, जिसके अनुसार तीन मार्च के पहले प्रथम सम्मेलन करना होगा। बहरहाल रायपुर में जहां 24 फरवरी और राजनांदगांव में 25 फरवरी को शपथ ग्रहण की तिथि बताई जा रही है। लेकिन दुर्ग को लेकर अब तक तिथि तय नही हुई हैं।

### सभापति के लिए भी खूब चर्चा

बहरहाल भाजपा संगठन में सभापति के लिए चर्चा चल रही है। चालीस पार्षदों में जीतकर आए अनुभवी चेहरे को इसकी जिम्मेदारी मिल सकती है। वही पार्टी प्रमुखता से सामान्य वर्ग को लेकर भी सभापति के लिए विचार कर रही हैं। भाजपा में पार्षद के लिए जीतकर आए लोगों में नए चेहरे ज्यादा है, वही कुछ ही अनुभवी पार्षद है। ऐसे में सभापति के लिए ज्यादा पसीना बहाना नही पडेगा।

---

## चुनाव ड्यूटी...




दुर्ग। दूसरे चरण के तहत मतदान कराने मतदान दल बुधवार की सुबह बूथ के लिए रवाना हुए। तैयारी में जुटे कर्मी।

**मौसम में तब्दीली :** दुर्ग। इन दिनों मौसम की तब्दीली के चलते दिनभर जहां तेज धूप चुभ रही है वहीं रात को ठंड का अहसास होने लगा है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों में बारिश होने की संभावना जताई है।

---


# बघेरा में भागवत कथा सुनने उमड़ रही श्रध्दालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बघेरा दुर्ग वार्ड क्रमांक 56 सांई नगर में नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। कथा में संत श्री निरंजन महाराज जी लिमतरा आश्रम के मार्गदर्शन से कथा व्यास श्रध्देय आचार्य स्वामी श्री परमेश्वर महाराज जी लिमतरा वाले ने राम कथा में अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान श्रीराम, भरत, लक्ष्मण एवं शत्रुघ्न ने जन्म लिया। उसके बाद अयोध्या नगरी में उल्लास छा गया।

- श्रीराम जन्म की कथा बताया- स्वामी परमेश्वर

नगरवासी खुशी से झूम उठे और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। इसके बाद चारों भाइयों का जन्म होता है। कुलगुरु वशिष्ठ जी द्वारा चारों पुत्रों का नामकरण राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के रूप में किया जाता है। चारों भाई आश्रम में शिक्षा प्राप्त करने जाते हैं। यहां सभी विधाओं में पारंगत होकर वापस अयोध्या आते हैं। इसके बाद श्रीराम-लक्ष्मण को यज्ञ की रक्षा के लिए ऋषि विश्वामित्र मांगकर ले जाते हैं। भगवान श्रीराम राक्षसी ताड़का, मारीच और सुबाहु वध कर देते हैं। राम कथा में पुरोहित मार्तण्ड सिंह, राजेश्वरी राजपूत सहित नगरवासी आनंद उठा रहे हैं।



---

# पहंडोर के मतदान केन्द्र पर पोलिंग पार्टी का तिलक लगाकर किया स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण में जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत पहंडोर के मतदान केंद्र क्रमांक 65 एवं 66 पर निर्वाचन कार्य संपन्न कराने पहुंचे मतदान दल के अधिकारियों-कर्मचारियों का विद्यालय परिवार की तरफ से तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ भेंट व फूल माला पहनकर मतदान केंद्र में स्वागत किया गया । विद्यालय के शिक्षक ओम प्रकाश पाण्डेय, मिथिलेश देशलहरा, भाग्यवती चौहान, पंचायत सचिव एवं मध्यान भोजन संचालन समूह की सदस्यों द्वारा मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को स्वागत पश्चात जलपान कराया गया। विद्यालय के शिक्षक ओम प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि मतदान दल के लिए पंचायत निर्वाचन का कार्य सबसे कठिन और बोझिल महसूस होता है । स्वागत और अभिनंदन के माध्यम से मतदान संपन्न कराने आए अधिकारियों कर्मचारियों का हौसला बढ़ाने के लिए यह एक पहल पिछले पंचायत चुनाव में भी पहंडोर में किया गया था। इस वर्ष पहंडोर के अलावा पाटन जनपद पंचायत के सावनी और पचपेड़ी के मतदान केन्द्रों पर भी इस प्रकार से स्वागत सत्कार किया गया है । उनका यह कहना है आने वाले समय में इसका अन्य क्षेत्रों में भी प्रचार प्रसार किया जाएगा ताकि मतदान दल पूरे उत्साह और खुशी के साथ निर्वाचन के कार्यों को पूरा करा सके ।

- स्वागत पश्चात जलपान कराया गया

---

# घुघसीडीह मतदान केन्द्र में सबसे ज्यादा वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जनपद दुर्ग के 257 बूथो में सबसे ज्यादा वोटिंग घुघसीडीह में दर्ज किया गया है। यहां वोटरों ने जागरूकता का परिचय देते हुए 100 फीसदी मतदान किया है। हांलाकि नब्बे से अधिक बूथ में नब्बे फीसदी वोटिंग भी हुई हैं। दुर्ग ब्लॉक के 73 ग्राम पंचायतों में 84.33 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां 1 लाख 62 हजार 844 मतदाता थे, जिनमें से 1 लाख 37 हजार 328 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। इनमें महिला 68658 और पुरुष 68668 मतदाता शामिल हैं। 25 हजार 516 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग नहीं किया। कुछ दिनों पहले ही दुर्ग नगर निगम सहित नगरीय निकाय क्षेत्रों में चुनाव हुआ था, लेकिन जो उत्साह गांवों में सरकार बनाने को लेकर मतदाताओं में दिखा, वह उत्साह शहर में नहीं था। गांव में मतदान के लिए वोटर कतार लगाकर खड़े रहे। नतीजा रहा की सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक चलने वाली वोटिंग, रात 8.30 बजे तक चली। दुर्ग ब्लॉक के 75 में 257 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इसमें से 50 से ज्यादा केंद्रों में 90 प्रतिशत से ज्यादा, 100 से ज्यादा केंद्रों में 80 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई है। ग्राम पंचायत घुघसीडीह में 100 प्रतिशत मतदान हुआ है। खपरी में 96, भरदा में 94.41, पीपरछेड़ी में 94.74 प्रतिशत, भोथली में 93.58 प्रतिशत हुआ है। सबसे कम मतदान वाला गांव का कचांदूर है, जहां के एक बूथ में 47.12 और इसके बाद उमरपोटी के केंद्र दो में 51.96 प्रतिशत मतदान हुआ है।

- दुर्ग जनपद के 257 केंद्रों में से 50 से ज्यादा में 90 फीसदी

---

# संघर्ष की नींव पर भविष्य की जीतः अरुण वोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्षद प्रत्याशियों में नया जोश और संकल्प देखने को मिला। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन में आयोजित सम्मान समारोह में निर्वाचित 12 कांग्रेस पार्षदों का अभिनंदन किया गया, वहीं उन सभी साथियों की हौसला-अफजाई की गई जिन्होंने पूरी प्रतिबद्धता के साथ चुनाव लड़ा।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गयापटेल, पूर्व महापौर आर. एन. वर्मा, शंकरलाल ताम्रकार, परमजीत सिंह भूई, महापौर प्रत्याशी प्रेमलता साहू, कौशल किशोर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता और सभी कांग्रेस प्रत्याशी उपस्थित थे। इन सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिलकर यह संकल्प लिया कि कांग्रेस हर हाल में जनता की सेवा में अपनी भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री अरुण वोरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, चुनाव परिणाम किसी भी संघर्ष की अंतिम कसौटी नहीं होते, बल्कि वे जनता की नब्ज को समझने और आगे की रणनीति तय करने का एक अवसर होते हैं। कांग्रेस मजबूती से खड़ी है, पीछे हटने का सवाल ही नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस के हर कार्यकर्ता ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा और यह संघर्ष भविष्य की मजबूत नींव बनेगा।राजनीति में हार-जीत क्षणिक होती है, लेकिन जो जनता के बीच रहता है, वही असली जनसेवक कहलाता है। कांग्रेस का हर सिपाही इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ेगा। इस सम्मान समारोह में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे हर परिस्थिति में जनता के लिए काम करते रहेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। यह चुनाव एक पड़ाव था, लेकिन कांग्रेस के संघर्ष और सेवा का सफर अभी जारी है – और यही भविष्य की जीत की नींव बनेगा!

- राजीव भवन में कांग्रेस पार्षदों का अभिनंदन समारोह



### जनता की सेवा ही हमारी असली जीत

उन्होंने सभी पार्षदों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो भी निगम में चुनकर आए हैं, वे जनता की आवाज बुलंद करेंगे और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। वहीं, जो इस बार नहीं जीत पाए, वे अपनी निष्ठा और सेवा से जनता के दिलों में अपनी जगह और मजबूत करेंगे।

---

# सहायक शिक्षक भर्ती के लिए 2613 आवेदकों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सहायक शिक्षक के लिए पांचवें चरण की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसको लेकर लोकशिक्षण संचालनालय की ओर से 2613 उम्मीदवारों की मेरिट लिस्ट जारी की गई है। बीएड के आधार पर सहायक शिक्षक बने उम्मीदवारों की सेवाएं पिछले दिनों समाप्त की गई। अब इनकी जगह शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में शामिल डीएलएड अभ्यर्थियों को नौकरी मिलेगी। जिनक नाम मेरिट लिस्ट में है वे स्कूल का विकल्प कब भरेंगे, मेरिट लिस्ट के अनुसार स्कूलों का आबंटन कब होगा। इस संबंध में अभी सूचना जारी नहीं हुई है। अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए अलग से सूचना जारी की जाएगी। इससे पहले भर्ती के लिए 5 फरवरी को मेरिट लिस्ट जारी होने वाली थी, जिसे बाद में स्थगित किया गया था। शिक्षक भर्ती 2023 के तहत 12489 पदों के लिए विज्ञापन जारी हुआ था। बस्तर व सरगुजा संभाग के लिए यह भर्ती निकाली गई थी। इसमें शिक्षक, सहायक शिक्षक समेत अन्य के पद थे। व्यापमं से परीक्षा हुई थी। इसका रिजल्ट आने के बाद भर्ती के लिए काउंसिलिंग हुई। चार चरण की काउंसिलिंग में करीब दस हजार से अधिक पदों पर भर्ती हुई। इसमें से करीब 2600 अभ्यर्थी बीएड के आधार पर सहायक शिक्षक नियुक्त हुए थे। इन्होंने कई महीने नौकरी भी की।

- 2023 में शामिल डीएलएड को मिलेगी नौकरी

## खबर संक्षेप



### प्लेट मिल कर्मियों को मिला शिरोमणि सम्मान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल विभाग में कर्म एवं पाली शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक के बेहेरा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिरोमणि पुरस्कार समिति द्वारा अनुशंसित पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सितंबर–दिसंबर 2024 तिमाही के लिए सहायक प्रबंधक प्रीतम रामदास संडुगे को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। जुलाई के लिए इंजीनियरिंग एसोसिएट ए अनिल, अगस्त के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रूपलाल साहू, सितंबर इंजीनियरिंग एसोसिएट सुभाष बांगड़े जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट आलोक कुमार पुरोहित, नवंबर - इंजीनियरिंग एसोसिएट रामनगीना जायसवाल, दिसंबर - जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रूपेन्द्र कुमार साहू को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिरोमणि पुरस्कार विजेताओं को स्मृति चिन्ह के रूप में एप्रॉन, डिनर सेट, प्रशस्ति पत्र और प्रशंसा पत्र दिया गया।

### चुनाव में जीत के बाद ग्रामीणों ने मनाया जश्न



**अंडा।** दुर्ग जनपद पंचायत चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 19 से ग्राम कुथरेल, भानपुरी एवं जंजगिरी से ग्राम कुथरेल के युवा प्रत्याशी लोमश चन्द्रकार जनपद सदस्य पद के विजयी होने पर ग्रामवासियों ने जीत का ऐतिहासिक जश्न मनाया। ग्रामवासियों ने बाजे-गाजे के साथ पटाखे फोड़ कर व गुलाल से शराबोर कर दिए।
विजय जुलूस में सबसे पहले लोमश चन्द्रकार ने ग्राम शीतला माता के मंदिर सहित विभिन्न ग्राम के मंदिर का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। विजय रैली में गांव में घूम कर घर-घर से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर ग्रामीणजन एकत्रित थे। उन्होने सभी मतदाताओं का आभार जताते हुए सभी की सहभागिता से मेरे जनपद क्षेत्र का विकास के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजश्री प्रेरणा चन्द्राकर, पूर्व जनपद सदस्य प्रदीप चन्द्राकर, नवनिर्वाचित सरपंच गीता गजपाल, गायत्री साहू, संतोष साहू, महावीर, सुनील, सुभम साहू, टामेश्वर साहू, भीष्म प्रताप, घनश्याम साहू, संती चन्द्राकर, कुन्दन चन्द्राकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### भगवान के विवाह में शामिल हुए भक्त



**सेलूद।** ग्राम छाटा आयोजित संगीतमय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में के पांचवें दिन कथा व्यास से रेणुका दीदी गोस्वामी ने गोवर्धन पूजा की दिव्य कथा विस्तार पूर्वक सुनाई। उन्होंने बाल कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करने के पश्चात गोवर्धन पूजा, रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज महाराज के समक्ष सुंदर छप्पन भोग के दर्शन कराए। उन्होंने यह भी बताया कि जहां सत्य एवं भक्ति का संबंध होता है वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है। उन्होंने गाय की सेवा एवं महत्व को समझाते हुए बताया कि प्रत्येक हिंदू परिवार में गाय की सेवा अवश्य होनी चाहिए। महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत, रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जाएगी। ब्रज वासियों ने इंद्र की पूजा छोड़कर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी, तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रज वासियों पर मूसलाधार बारिश की। कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रज वासियों की रक्षा की।


## श्रमिकों पर बढ़ा काम का दबाव और न्यूनतम वेतन के लिए भी तरसे

# बीएसपी में कम हो रहे नियमित कर्मचारी, बढ़ रहे हैं ठेका मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के हजारों ठेका मजदूरों को प्रबंधन की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। नियमित कर्मचारियों के तेजी से सेवानिृत्त होने के साथ मजदूरों पर काम का दबाव निरंतर बढ़ रहा है। इसके अनुरुप न तो वेतन वृद्धि हो रही है और न ही सुविधाएं ही बढ़ाई जा रही हैं। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। श्रमिक संगठनों ने बीएसपी और उच्च प्रबंधन से गंभीरतापूर्वक मजदूरों के वेतन समझौता सहित सामाजिक सुरक्षा पर एक निश्तित समय सीमा में ध्यान दिए जाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल की सभी उपक्रमों में एक लाख से अधिक ठेका मजदूर काम कर रहे हैं। नियमित कर्मियों से अधिक मजदूरों की संख्या है। लेकिन वेतन, भत्ते, सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा आदि सहूलियतों के मामले में पिछले तीस साल से यह तबका ठेकेदारों के शोषण की चक्की में पिस रहा है। इस मामले में प्रबंधन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है। यूनियनों के मुताबिक कई बार प्रबंधन, सेल चेयरमेन और इस्पात मंत्रियों को ज्ञापन देने के बाद भी परिणाम शिफर है। मात्र पांच से आठ हजार रुपए दिहाड़ी पर काम करने मजबूर होना पड़ रहा है। इसमें से भी ठेकेदार पैसे काट लेता है। विरोध करने पर गेट पास छीन लेने की धमकी देता है। इतने कम वेतन में परिवार को गुजारा किस तरह होता होगा इसकी अधिकारी कल्पना कर सकते हैं। सेल और प्रथम नियोक्ता होने के नाते बीएसपी की जिम्मेदारी न्यूनतम वेतन, बोनस और अन्य सभी सुविधाएं दिलवाने की जिम्मेदारी है, अवहेलना करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेट किया जाना चाहिए।

### सेल प्रबंधन की वेतन समझौता में नहीं है दिलचस्पी



### यूनियनों ने बढ़ाया दबाव

पिछले कई साल से सीटू, इंटक, एटक, एचएमएस व बीएमएस एनजेसीएस यूनियनें और स्टील ठेका मजदूर यूनियन इंटक मजदूरों के लिए वेतन समझौता की मांग कर रही है। इसके तहत सेल के एस-11 कर्मचारी के बराबर वेतन, बोनस और अन्य सुविधाओं की मांग है। लेकिन सेल प्रबंधन, इस्पात मंत्री,मंत्रालय व श्रम विभाग अकर्मण्य बने हुए है। यूनियनों ने बताया कि पिछली एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक में प्रबंधन ने वेतन समझौता लागू करने आश्वासन दिया था। लेकिन इसे हरी झंडी देना तो दूर मजदूरों को न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है। एक ही स्थान पर एक ही प्रकृति के काम करने वाले नियमित कर्मी का वेतन 75 हजार है तो ठेका मजदूर का वेतन मात्र 5 से 8 हजार है। सेल प्रबंधन द्वारा एडब्ल्यूए की बढ़ाई गई राशि अब तक भुगतान नहीं की गई है।

### मजदूरों पर बढ़ रहा वर्कलोड

बीएसपी में नियमित कर्मचारी तेजी से रिटायर हो रहे हैं और भर्ती नहीं हो रही है। इसके साथ ही मजदूरों की संख्या बढ़ने के साथ वर्कलोड भी बढ़ रहा है। वर्तमान में 12 हजार रेगुलर कर्मी और ठेका श्रमिकों की संख्या 22 हजार है। यूनियनों के मुताबिक कई अनुभागों में मजदूर कर्मचारी की तरह डटे हुए हैं। लेकिन वेतन और सुरक्षा संसाधनों के मामले में कमतर हैं। सुरक्षा सेमिनार के साथ कीर्तिमानी उत्पादन में कर्मियों के कंधे से कंधा मिलाकर काम करने वाले ठेका श्रमिकों के वेतन समझौता प्रबंधन को तत्काल अमल में लाने की जरुरत है। अर्धकुशल और अकुशल मजदूरों को नियमित कर्मियों की तरह ट्रैंड करने ठोस प्रशिक्षण कार्यक्रम की जरुरत है।

## भिलाई इस्पात सियान सदन में 20 कमरों का निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों को होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा संचालित भिलाई इस्पात सियान सदन के सभी कमरे वृद्धजनों को आबंटित हो चुके थे। इसलिएसदन में कमरों की कमी के कारण अधिक लोगों को आवासीय सुविधा दे पाना मुश्किल था। सीनियर सिटीजंस की सुविधा के लिए अब नए कमरों के निर्माण के साथ, इस सुविधा को बेहतर करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को आवासीय सुविधा प्रदान करने की क्षमता बढ़ा दी गई है। "भिलाई इस्पात सियान सदन" में रहने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 28 फरवरी है।

■ आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 28 फरवरी है

सियान सदन में 20 डबल बेड वाले कमरे पहले से थे तथा यहाँ 20 और नये कमरों का निर्माण किया गया है। यह सीनियर सिटीजन होम दुर्ग के पुराने बएमटीसी भवन, रायपुर नाका में स्थित है। यहाँ एकल पुरुष और महिलाओं के लिए एक–एक बिस्तर वाले कमरे और विशेष रूप से पति–पत्नी के लिए दो बिस्तर वाले कमरे उपलब्ध होंगे। यह सुविधा भिलाई इस्पात संयंत्र, सेल की अन्य इकाइयों, केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों और केंद्र सरकार से सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनकी पत्नियों के लिए है। इच्छुक वरिष्ठ नागरिक निर्धारित आवेदन पत्र में अपना आवेदन, महाप्रबंधक (सीएसआर) के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### मनोरंजन और बुनियादी सुविधाएं

सियान सदन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी सुविधाएं हैं । यहां20 डबल बेड वाले कमरे, डायनिंग हल, बहुउद्धेशीय हाल, मनोरंजन हल, रसोई, लाउंज आदि के साथ एक कार्यालय भी बनाया गया है। पहले यहाँ डारमेट्री की भी सुविधा थी। सभी कमरों में किचन, फ्रिज, फर्नीचर, लाइट, पंखे, स्टील की अलमारी, कूलर, पानी तथा अटैच बाथरूम आदि सुविधाएँ उपलब्ध है। मनोरंजन के लिए शतरंज, टीवी, समाचार पत्र–पत्रिकाएं, कैरम आदि की व्यवस्था है। एक बड़ा बगीचा, लंबा करिडोर और खुला कैम्पस है। किसी भी आपात स्थिति में एक कल करने पर डाक्टर और एम्बुलेंस पहुंच जाने की सुविधा इनके स्वास्थ्य चिंताओं से इन्हें मुक्त कर देता है। यहाँ 20 और नये कमरों का निर्माण किया गया है।

## वेज रीविजन केस अपडेट पर सुनवाई

**भिलाई।** प्रिंसिपल बेंच कैट नई दिल्ली में सेल कर्मचारियो का वेज रिवीजन केस अपडेट होने की प्रक्रिया की सुनवाई हुई । बीएकेएस भिलाई द्वारा दायर मुकदमे पर बुधवार को हुई सुनवाई में प्रबंधन ने आज जूनियर वकील को भेजा था आते ही अपने सिनियर वकील की बीमारी का हवाला दिया तथा तीन माह का जवाब देने के लिए समय मांगा । जून तक का समय देने का मांग किया । यूनियन के वकील ने विरोध किया । कहा कि सरकार तथा मैनेजमेंट ने संसद तथा पत्र के माध्यम से जवाब दे दिया है सिर्फ आपको पढ़ कर जजमेंट देना है जज ने तीन सप्ताह का समय प्रबंधन को तथा दो सप्ताह का समय यूनियन को दिया है। अगली तारीख 8 अप्रैल की दी गई है। यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि वेज रीविजन मे धांधली हुई है । इस्पात मंत्री पहले ही संसद में लिखित जवाब दे चुके है । कानूनी प्रक्रिया के कारण मामले मे विलंब हो रहा है । यूनियन के पास इतने दस्तावेज हैं कि हम सर्वोच्च न्यायालय तक में जीत जायेंगे ।

■ प्रिंसिपल बेंच कैट दिल्ली में बीएकेएस की याचिका

## सोलह सरपंच प्रत्याशियों के चक्रव्यूह को भेदकर भागवत ने निकुम सरपंच बनकर सबको चौंकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|निकुम

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सोमवार को दुर्ग विकासखंड के 73 ग्राम पंचायतों में पंच, सरपंच, जनपद, जिला पंचायत के चुनाव में काफी रोमाचंक मुकाबला दिखा। वहीं प्रत्याशियों का धड़कन तो अलसुबह से बढ़ा हुआ रहा, क्षेत्र की जनता भी जनादेश लाकर गांव की सरकार बनाने अलसुबह 6 बजे से मतदान केन्द्रो में देर शाम तक डटे रहे, दिन में मतदान करने कोई दुदमुहे बच्चे को लेकर, तो कई बीमार बुजुर्ग को व्हील चेयर पर अपने हिम्मत, हौसले के कारण वोट करने पहुंचते रहे। वहीं दिन भर राजनीतिक गहमा गहमी के बीच देर रात परिणाम आते ही कई चेहरे खुशियों से नाचने झूमने लगे, तो कोई निराश होकर मौनव्रत कर घर चले गये, कोई फर्श का व्यक्ति शाम होते राजनीतिक अर्श पर पहुंचते दिखे।



### भागवत बने निकुम सरपंच

ग्राम पंचायत निकुम 3408 मतदाताओं ने 16 सरपंच व 61 पंच प्रत्याशियों का पिटारा खुलते ही कई लोग दांतों तले उंगली दबा लिये, गौर हो कि



इस पंचायत चुनाव में करोड़पति व राजनीतिक दल के करीबी से लेकर गरीब परिवार के लोग चुनावी मैदान में रहे हैं। लेकिन ग्राम निकुम में रात में चुनाव परिणाम सुनकर लोगों ने कई घंटे आतिशबाजी कर बाजे गाजे के साथ अलसुबह गांव की गलियों में नाचते दिखे। क्योकिं पूर्व पंच भागवत पटेल जो 48 वर्ष के ब्रह्मचारी व यूपी के योगी तरह भगवा वस्त्र पहनते व माथे में तिलक चंदन लगाने के कारण पूरा गांव योगी के नाम से जानता है। पटेल ने 16 प्रत्याशियो के राजनीतिक चक्रव्यूह को भेदते हुए जीत हासिल कर निकुम के नये सरपंच बन गये, गौर हो कि मां सब्जी भाजी हाट बाजार में गांव में बेचती है, वहीं पटेल भी उसमे हाथ बटाता है। बाकी समय ग्राम में जनसेवा में लगा रहता है।

### नवनिर्वाचित सरपंच का किया स्वागत

ग्राम पंचायत खाड़ा में बीते 25 वर्ष से पति व पत्नी विकास कार्य रहे हैं, वही ग्राम रुदा में दो पंचवर्षीय पत्नी हुल्ली बाई सरपंच बनकर गांव में विकास कार्य से अलग ही पहचान बनाई। वही पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे व तीसरी बार ग्राम खाड़ा में सरंपच की कुर्सी नंदकुमार साहू ही संभालेगें, वही ग्राम रुदा व खाड़ा में ग्रामीणों ने आरती उताकर कर पंचायत प्रतिनिधियों का जमकर स्वागत कर झूमते नाचते दिखे। ग्राम पंचायत तिरगा में चुनावी परिणाम रोमाचंक रहा, पूर्व सरपंच रहे घसियाराम देशमुख को जनता ने फिर से आंखो में बैठाकर विजय बनाया, जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे मुकेश बेलचंदन हार गये।

### भाजपा के गढ़ में कांग्रेस की लीलावती ने जीता चुनाव



दुर्ग ग्रामीण भाजपा के गढ़ में क्षेत्र क्रमांक 17 में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी नेहा देशमुख को कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के करीबी रहे पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख की पत्नी लीलावती देशमुख ने लगभग 1944 मतों से जीत कर राजनीतिक समीकरण ही बदल दिया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र 7 में भाजपा के प्रत्याशी को हराकर चुनावी जीत की रेस में आषा मिश्रा काफी आगे जीत के करीब पहुंचकर सबको चौका कर कांग्रेस के हौसले को बुंलदी दे रही है।

### सैनिक ने जीत ली चुनावी जंग



आलबरस में सैनिक भुवन लाल देशमुख देश सेवा कर रिटायर्ड होकर लौटकर अब गांव की सेवा करने के संकल्प लेकर 5 प्रत्याशियों को सरपंच की चुनावी जंग में हराकर नये सरपंच बने देशमुख ने कहा कि गांव की विकास कार्यो से नई पहचान बनाएंगे।

## पाटन ब्लाक के गांव-गांव में पहुंचा मतदान दल, चुनाव बाद देर रात तक होगी मतगणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के पाटन विकासखण्ड में द्वितीय चरण का मतदान 20 फरवरी को संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देशन में दुर्ग जिले में द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।
मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है।

■ आज सुबह सात से दोपहर तीन बजे तक होगा मतदान

## सरस्वती को मिल रहा समर्थन



**भिलाई।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरस्वती सत्यप्रकाश बंजारे के पक्ष में चुनाव पूर्व विधायक रिकेश सेन, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर चुनाव के संबंध में चर्चा की गई। स्वयं सरस्वती बंजारे प्रत्येक घर मे जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी और विष्णुदेव सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के परिवार को जो लाभ मिल रहा है इसके विषय मे विस्तार से चर्चा किया गया। एक युवा महिला के प्रत्याशी बनने से सभी महिलाओं में सरस्वती बंजारे के प्रति रुझान और भी बढ़ गई है।

### पाटन नपं में पहली बार साहू समाज की पार्षद बनी



**पाटन।** जब से नगर पंचायत का गठित हुआ है तब से साहू समाज के पार्षद नहीं बनी, लेकिन इस बार सरजू अनिता साहू नगर पंचायत पाटन में पहली बार साहू समाज के पार्षद बनी है। साहू समाज के लोगों में भरी उत्साह का माहौल है। विधायक भूपेश बघेल वार्ड 6 से सरजू अनिता साहू को मैदान में उतरा था और बीजेपी को पछाड़ते हुए कांग्रेस की जीत हुई है। सूत्रों से जानकारी मिली है पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अनित साहू को बधाई भी दी है। सात कांग्रेस पार्षद में से सबसे ज्यादा वोट पाने वाले अनिता ने 190 वोटों से जीत दर्ज की है।

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता पी. विशाल नायडू उम्र 42 वर्ष पिता पी. राजेन्द्र नायडू निवासी-एल.आई.जी. 1-2992, हाउसिंग बोर्ड वार्ड नं. 26 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मेरे नाम से जारी भारत सरकार आधार कार्ड नं. 2838 5516 1096 में मेरा नाम पी. विशाल नायडू (P. VISHAL NAIDU) अंकित है। इसी प्रकार मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 3992 3941 0347 में उसका नाम दित्या नायडू (DITYA NAIDU) पिता पी. विशाल नायडू (P. VISHAL NAIDU) अंकित है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम दित्या नायडू (DITYA NAIDU ) पिता पी. विशाल नायडू (P.VISHAL NAIDU) एवं माता पी. शैलजा नायडू (P. SHAILAJA NAIDU) अंकित है। जोकि सही व सत्य है।
4. यह कि मेरी पुत्री की जन्मतिथि 17/09/2016 है जो कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. में कक्षा तीसरी में अध्ययनरत है जिसके अंकसूची एवं दाखिला पंजी में पुत्री का नाम P. DITYA NAIDU पिता P. VISHAL NAIDU एवं माता P. SHAILAJA NAIDU अंकित है।
5. यह कि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम दित्या नायडू (DITYA NAIDU ) पिता पी. विशाल नायडू (P. VISHAL NAIDU) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों, दाखिला पंजी एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

पी. विशाल नायडू
शपथकर्ता

### नाम परिवर्तन

मैं शपथकर्ता पी. विशाल नायडू उम्र 42 वर्ष पिता पी. राजेन्द्र नायडू निवासी-एल.आई.जी. 1-2992, हाउसिंग बोर्ड वार्ड नं. 26 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, मेरे नाम से जारी भारत सरकार आधार कार्ड नं. 2838 5516 1096 में मेरा नाम पी. विशाल नायडू (P. VISHAL NAIDU) अंकित है। इसी प्रकार मेरी पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक 8227 6220 9874 में उसका नाम मान्या नायडू (MANYA NAIDU) पिता पी. विशाल नायडू (P. VISHAL NAIDU) अंकित है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम मान्या नायडू (MANYA NAIDU) पिता पी. विशाल नायडू (P.VISHAL NAIDU) एवं माता पी. शैलजा नायडू (P. SHAILAJA NAIDU) अंकित है। जोकि सही व सत्य है।
4. यह कि मेरी पुत्री की जन्मतिथि 14/06/2013 है जो कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. में कक्षा छठवीं में अध्ययनरत है जिसके अंकसूची एवं दाखिला पंजी में पुत्री का नाम P. MANYA NAIDU पिता P. VISHAL NAIDU एवं माता P. SHAILAJA NAIDU अंकित है।
5. यह कि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम मान्या नायडू (MANYA NAIDU) पिता पी. विशाल नायडू (P. VISHAL NAIDU ) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों दाखिला पंजी, एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

पी. विशाल नायडू
शपथकर्ता




## बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद



**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.


नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


कांग्रेस आलाकमान ने जताया भूपेश पर भरोसा
छत्तीसगढ़ के कांग्रेसजनों की ओर से आभार
छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र और किसानों के हितरक्षक, पूर्व मुख्यमंत्री
मान. भूपेश बघेल जी
को राष्ट्रीय महासचिव बनने पर
हार्दिक बधाई...
मान. गिरीश देवांगन
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम
उपाध्यक्ष - प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. बृजेश शर्मा
प्रभारी राजनांदगांव शहर जिला कांग्रेस कमेटी
संयुक्त महासचिव - छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी
मान. सुशील सन्नी अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, BOCW
(पूर्व केबिनेट मंत्री दर्जा)

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04



शेक्सपीयर का असर

## लाइव इवेंट

### अकोला में 26 तक रामकथा कलशयात्रा के साथ शुरुआत



**भिलाई।** खारुन नदी तट स्थित आनंदधाम अकोला बगीचा में 26 फरवरी तक रूद्र महायज्ञ और राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन कलशयात्रा के साथ कथा की शुरुआत हुई। यज्ञाचार्य पं. पवन द्विवेदी के मार्गदर्शन में यह धार्मिक अनुष्ठान 11 दिनों तक आयोजित होगा। वहीं अयोध्याधाम से आए मानस विदुषी देवी चंद्रकला संगीतमय रामकथा का रसपान श्रद्धालुओं को करा रहे हैं। आस्था और श्रद्धा का यह महापर्व महाशिवरात्रि तक चलेगा। रुद्र महायज्ञ सेवा संस्थान के अध्यक्ष धनेश शर्मा ने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम महाशिवरात्रि तक चलेगा। पार्थिव शिवलिंग पूजन, मुंडन, उपनयन संस्कार भी हो रहे हैं। महाशिवरात्रि पर मेला के साथ यज्ञ की पूणाहुति, बाबा योगेश्वर नाथ मंदिर में दूध से रूद्राभिषेक किया जाएगा। अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के आतिथ्य में धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत हुई। रुद्र महायज्ञ के साथ संगीतमय श्रीराम कथा, संत समागम और विशाल भंडारा भी आनंदधाम अकोला बगीचा में हो रहा है। आनंदधाम अकोला बगीचा में भगवान शिव, भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, हनुमान सहित देवी-देवताओं के कई मंदिर हैं। प्रतिदिन दुर्ग, भिलाई, रायपुर के अलावा मलपुरी कला, ओटेबंद, कपसदा, तेंदुआ, गुमा, अकोला, गुधेली सहित दर्जनभर गांवों के लोग यहां सेवा दे रहे हैं।

### कोनारी एवं पीसेगांव के ग्रामीणों को अंधविश्वास से दूर रहने किया जागरूक



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय द्वारा गोदग्राम कोनारी और पीसेगांव में अंधविश्वास उन्मूलन अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत गोदग्राम प्रेसगांव में जानचौपाल लगाकर ग्रामीणों को अंधविश्वास, भूत-प्रेत, जादू-टोना, तंत्र-मंत्र आदि के प्रति तर्कशील एवं वैज्ञानिक विचारधारा का प्रयोग करते हुए इसके जाल में न फंसने एवं ग्रामीण समाज को सतर्क एवं जागरूक करने हेतु उनसे सहयोग मांगा गया। इस संदर्भ में ग्राम पीसेगांव ग्राम सचिव रश्मि सिंह राजपूत के साथ पंचायत भवन में बैठक का भी आयोजन किया गया।

- भारती विश्वविद्यालय का गोदग्राम में आयोजन वैज्ञानिक प्रमाणिता से कराया अवगत

गोदग्राम कोनारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों हेतु अंधविश्वास उन्मूलन पर विशेष व्याख्यान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा समस्त प्रकार के अंधविश्वासों के प्रति सतर्क रहने तथा इनके अंधानुकरण से बचने की सीख दी गई। बच्चों को तर्क बुद्धिवाद एवं वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य के महत्व को समझाया गया जिससे वे अंधविश्वास के चंगुल में न फंसे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के आयोजन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोनारी के प्रधानाचार्य केएस देवांगन, रॉलिक बेंजामिन दास, स्वयंसेवक कोनाल सेन एवं लोकेंद्र मारकंडे आदि का विशेष सहयोग रहा।

● शिवाजी स्मारक हुडको में क्षत्रिय, कुणबी समाज और भारतीय सनातन संघ का संयुक्त आयोजन

# शंखनाद के साथ गूंजा शिवाजी महाराज का जयकारा, 395 वीं जयंती पर उनकी गाथा हर भारतीय तक पहुंचाने लिया संकल्प

**देश के महान सपूत शूरवीर छत्रपति शिवाजी की 395 वीं जयंती शिवाजी स्मारक हुडको में मनाई गई। पराक्रमी, न्याय प्रिय, देशभक्त और कुशल प्रशासक की जयंती को लेकर क्षत्रिय, कुणबी समाज और भारतीय सनातन संघ ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। बड़ी संख्या में लोग शिवाजी स्मारक में जुटे। इस महासपूत की प्रेरणादायी जीवनगाथा को हर भारतीय तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। उनके पराक्रम से हर युवा और बच्चों को अवगत कराने के लिए नियमित रूप से कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।**

भिलाई। बुधवार की सुबह छत्रपति शिवाजी महाराज के स्मारक हुडको में उनके प्रतिमा पर विशाल शंख ध्वनि के मध्य मालार्पण किया गया। इस अवसर पर सभी ने वीर शिवाजी अमर रहे, जय भवानी जय शिवाजी के नारे लगाए। भारतीय सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने बताया कि वीर शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किले में भोसले वंश में मराठा साम्राज्य के दौरान हुआ। उनकी माता जीजाबाई थीं। शिवाजी महाराज का नाम मराठा समाज में ही नहीं बल्कि समूह से भारत वर्ष में अत्यधिक सम्मान के साथ लिया जाता है। हुडको स्थित शिवाजी स्मारक में हिंदू सनातनी संगठनों के साथ कई समाज संगठन के सदस्यों एवं विभिन्न मठ मंदिरों के शिव भक्तों ने उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर महिलाओं और पुरुषों ने भारतीय सनातनी हिंदू की वेशभूषा पहनकर जय भवानी जय शिवाजी शिवाजी महाराज की जय हो शिवाजी महाराज अमर रहे के नारे के साथ वातावरण को गुंजायमान किया। कार्यक्रम के दौरान वीरता नीति और न्याय के आदम साहस के योद्धा को नमन किया गया। कुणबी समाज के पदाधिकारियों के साथ-साथ भारतीय सनातन संघ के पदाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा यह दिन न केवल मराठा साम्राज्य की स्थापना की जय संस्थापक छत्रपति शिवाजी का जन्मदिन नहीं है, बल्कि यह हमें उनकी अद्भुत वीरता नेतृत्व और स्वराज की भावना से भी प्रेरित करने का दिन भी है।



### शिवाजी का पूरा जीवन मानव की रक्षा को रहा समर्पित

इस अवसर पर लोगों ने अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि शिवाजी ने अपना पूरा जीवन मानवता की रक्षा करने में समर्पित कर दिया था। वे एक ऐसे योद्दा थे, जिन्होंने भारतीय जनता को मुगल शासकों के अत्याचारों से मुक्त करवाया था। मुगल शासकों का साहसपूर्वक सामना कर मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी। आज के युवाओं को छत्रपति शिवाजी महाराज की जीवनी से सीख लेने और उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। तभी एक विकसित और सशक्त राष्ट्र की कल्पना साकार हो सकता है। शिवाजी महाराज का जन्म 1630 में शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। शिवाजी ने अद्भुत बुद्धिबल से मुगलों का सामना किया था, उनकी वीरता और योगदान हमेशा लोगों को हिम्मत देता है।

### न्याय, शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहसे से अंग्रेजों के दांत खट्टे किए

मनोज ठाकरे ने कार्यक्रम में कहा कि जोश जुनून से लबरेस शिवाजी महाराज न्याय, शौर्य, पराक्रम, वीरता, साहस की प्रतिमूर्ति थे। उन्हें हिंदी स्वराज का संस्थापक माना जाता है। हिंदू सनातनी के लिए वे आज के समय में एक आइकॉन हैं। आयोजित कार्यक्रम में सुनील रावत, संजय पांडे, प्रशांत क्षीरसागर, उषा क्षीरसागर, रुद्र क्षीरसागर, पियुष, किशोर कनौजे, नारायण रावत, संतोष काले, नरहरि काले, सुनील कोहले, अशोक ओकटे, प्रतिभा पांडे, सुनीता राऊत, कुमुदिनी बंद सहित अन्य मौजूद थे। उनके अलावा विभिन्न संगठनों ने भी आयोजन में उपस्थिति दर्ज कराई।

### शौर्य, स्वाभिमान और बलिदान के प्रतिमूर्ति थे शिवाजी महाराजः आर्य

छत्रपति शिवाजी महाराज जयन्ती स्वराज और भारतीय स्वाभिमान का महापर्व है। शिवाजी महाराज की जयंती, मराठा साम्राज्य के पहले छत्रपति और संस्थापक के रूप में मनाया जाता है। शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में उनके विचारों को चर्चा की गई। इस अवसर पर डॉ. अजय आर्य, रेशु काकरान, पुष्पा बड़ा, आशुतोष सिंह, दीपक सिंह, दिनेश कुमार पटले, संजय चतुर्वेदी , सतीश धीवर, संजू कुमार, राहत , अभिनव पाठक, कल्पना शर्मा, कृपाराम लोधी, उर्वशी, मेघा, गुरलीन , उषा शर्मा, एस वी एस गायत्री आदि मौजूद थे। डॉ. आर्य ने कहा कि वे शौर्य, स्वाभिमान, बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। उपाध्यक्ष एसके चतुर्वेदी ने बताया कि हम बचपन से उनके बलिदान, संघर्ष और स्वाभिमान की कहानी सुनाते आए हैं। प्रत्येक देशवासी को जो यहां की मिट्टी से प्यार करता है, यहां के इतिहास पर गर्व करना चाहता है। उसे उनके जीवन पर बनी फिल्म चावा देखनी चाहिए। आशुतोष सिंह ने बताया कि इतिहास को समझने मैं ऐसी फिल्में हमारी मदद करती है। छावा मराठा सम्राट छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित प्रेरक फिल्म है। इतिहास में छत्रपति शिवाजी महाराज को लेकर हमने एक पूरा सिलेबस पढ़ा है, मगर उनके पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के बारे में हमें ज्यादा पढ़ने को नहीं मिला। फिल्म में उनकी वीरता को दिखाया गया है। औरंगजेब द्वारा यातनाएं देने के बाद भी संभाजी अपने धर्म और स्वराज के संकल्प से नहीं डिगता है।



# चेंबर की मांग रायपुर में होलसेल और सभी जिलों में थोक बाजार खुले, वन स्टेट वन लाइसेंस नीति हो लागू

**भिलाई।** चेंबर ऑफ कामर्स भिलाई इकाई का प्रतिनिधि मंडल राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मिला। इस दौरान राज्य बजट को लेकर सुझाव दिए गए। इसमें प्रदेश के पारंपरिक बाजारोंर्णोद्धार हेतु उचित कदम उठाने, प्रदेश के सभी जिलों में राजधानी स्थित डूमरतराई व बिलासपुर स्थित व्यापार विहार की तर्ज पर थोक बाजारों का निर्माण करने, रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कोरिडोर का निर्माण त्वरित गति से पूर्ण करने जैसी अन्य मांगे की गईं। प्रतिनिधि मंडल ने नवीन, फुटकर बाजारों का निर्माण, इज ऑफ़ डुइंग बिजनेस के तहत वन स्टेट वन लाइसेंस नीति लागू करने, जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क के निर्माण, ग्वालियर मेले के तर्ज पर प्रतिवर्ष ऑटो एक्सपो, यूजर चार्ज से सम्बंधित विसंगतियों को दूर करने, चेम्बर के प्रदेश कार्यालय के लिए राजधानी में रियायती दर पर भूमि, मंडी शुल्क समाप्त, व्यावसायी एवं व्यापारियों के लिए इंश्योरेंस, पेंशन सम्बन्धी नीति, जिलों में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की मांग की गई। इस दौरान गार्गी शंकर मिश्रा, अजय भसीन सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे।

- चेंबर ऑफ कामर्स भिलाई इकाई का प्रतिनिधि मंडल मिला वित्तमंत्री ओपी चौधरी से, बजट पर दिया सुझाव



# कल्पना तथागत महिला समिति की बनी अध्यक्ष

**भिलाई।** तथागत समाज कल्याण समिति भिलाई के पदाधिकारी, सदस्यगण की एक आवश्यक बैठक विगत दिनों काफी हाउस सुपेला में आयोजित की गई। इस बैठक में समिति से संबंधित बहुत सारे निर्णय लिए गए। इस बैठक में समिति के लगातार 25 वर्षों से सामाजिक कार्य करने पर चर्चा हुई साथ ही महिला कमेटी का भी गठन किया जाना का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। सर्वसम्मति से शांति नगर निवासी कल्पना गजभिए को तथागत महिला समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वे महिला कल्याण से संबंधित सभी कार्य करेगी जिसमें महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विकास का कार्य किया जाना होगा। तथागत समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल साखरे ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर सचिव धनंजय मेश्राम, आनंद चौहान, सुरेश श्यामकुंवर, पंकज मेश्राम, अनिल गजभिए आदि उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

### रश्मि राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा निबंध प्रतियोगिता में प्रथम



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑटोमेशन एवं डिजिटाइजेशन विभाग में कार्यरत इंजीनियरिंग एसोसिएट रश्मि नायक ने जेसीएसएसआई (जॉइंट कमिटी ऑन सेफ्टी,हेल्थ एंड एनवायरनमेंट इन स्टील इंडस्ट्रीज) द्वारा इस्पात उद्योग हेतु राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली सुरक्षा निबंध प्रतियोगिता 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रश्मि नायक ने इस्पात उद्योग के श्रमिकों में खतरे की अभिज्ञता में सुधार के लिए प्रभावी सुरक्षा प्रशिक्षण विधि विषय पर डेढ़ हजार शब्दों में लिखे गए निबंध को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। इससे पूर्व भी रश्मि नायक ने विभिन्न प्रतियोगिता मे अपनी धाक जमाई है। रश्मि ने विगत वर्ष जेसीएसएसआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की थी। इसके अतिरिक्त बीएसपी के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित संयंत्र स्तरीय ऑनलाइन तात्कालिक निबंध लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस क्रम में रश्मि द्वारा लिखित, निर्देशित व अभिनीत यम का यमलोक ने बीएसपी के सेफ्टी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित सेफ्टी ड्रामा प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रशंसा बटोरी। जेसीएसएसआई का गठन वर्ष 1973 में किया गया था। इस द्विपक्षीय समिति में देश के सार्वजनिक क्षेत्र तथा निजी क्षेत्र के 22 इस्पात इकाइयां इसकी सदस्य हैं।

प्रावीण्य सूची जारी होने के बाद कॉलेज में प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया जा रहा सम्मानित

कार्नर न्यूज

# हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी ने जारी की मेरिट सूची, गर्ल्स कॉलेज के 36 और कल्याण के 24 स्टूडेंट्स ने बनाई जगह

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने मेरिट सूची जारी कर दी है। इस पर कई कॉलेज के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों में प्रावीण्य सूची में जगह बनाई है। गर्ल्स कॉलेज के 36 स्टूडेंट्स और कल्याण कॉलेज के 24 विद्यार्थियों ने सूची में जगह बनाई है। अन्य कॉलेजों के छात्र भी प्रावीण्य सूची में जगह बनाने में सफल रहे हैं। उन्हें कॉलेज प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया जा रहा है। बुधवार को कल्याण कॉलेज में इसे लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधन ने बताया कि हर संकाय और विभाग में कल्याण कॉलेज का दबदबा रहा। टॉपर्स को मैनेजमेंट ने कॉलेज बुलाया और सम्मानित किया। साथ ही करियर गाइडें सभी दिया। सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो दर्जन छात्र और छात्राओं ने यूनिवर्सिटी की प्रवीण्य सूची में स्थान मिला। बता दें कि शासकीय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के कई पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणामों को घोषित किया है। इसमें अलग-अलग कोर्स और क्लास की टॉप-10 सूची जारी की गई है।



### गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने भी मारी बाजी, प्राचार्य ने कहा-यही कॉलेज की पूंजी

डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की 36 छात्राओं ने प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने इन छात्रओं को अपनी शुभकामनाए देते हुए कहा कि यही हमारे कॉलेज की असली पूंजी है। उन्होंने कहा कि बिना प्राध्यापकों की मेहनत के इस स्तर की सफलता नहीं मिल सकती थी। इस वर्ष विषेष रूप से एमएससी वनस्पति शास्त्र में चंद्रमुखी, एमएससी गृहविज्ञान फूड न्यूट्रीशियन में डॉली निषाद एवं एमए गृहविज्ञान में तृप्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एमएससी प्राणीशास्त्र में युग लक्ष्मी पांचवें, लाईबा नूर छठवें, श्रुति आदित्य आठवें स्थान पर रहीं। एमएससी गणित में डॉली देशमुख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमए अर्थषास्त्र में वंदना शर्मा 10वें, एमए हिन्दी में अभिषा देवांगन चौथे, लीना गावड़े आठवें स्थान पर रहीं। एमए भूगोल में खिलेश्वरी दूसरे, नीलिमा छठवें, मानसी नेताम आठवें, नम्रता बंजारे नौवें स्थान पर रहीं।एमए राजनीति शास्त्र में अंजली चौथे, समाजशास्त्र में पायल सातवें, एमकॉम में दामिनी सातवें, एमएससी गृहविज्ञान डाली निषाद, आईनी धृतलहरे, तोमिन, रिया तिवारी, गोल्छा, निषा ठाकुर, नीलम ठाकुर ने स्थान बनाया। एमए गृहविज्ञान में तृप्ति, शीतल साहू, लिकेश्वरी, खिलेश्वरी, ख्याति टण्डन, निधि साह, मुस्कान कुर्रे, खुशबू ने जगह बनाई। बीएससी गृहविज्ञान में युक्ति देशमुख दूसरे, फातिमा तीसरे, शिलमन चौथे, खोमेश्वरी छठवें, आषिया दसवें स्थान पर रहीं। काव्यशिखा ने बीए अंतिम वर्ष में पांचवां स्थान प्राप्त किया।

### कॉलेज प्रबंधन ने टॉपर्स को किया सम्मानित करियर गाइडेंस भी किया

यूनिवर्सिटी की मेरिट लिस्ट में शामिल हुए सभी 24 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधन ने एक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. लखन चौधरी, समाजशास्त्र के अध्यक्ष डॉ. केएन दिनेश, हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुधीर शर्मा, वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. सलीम अकील, केमेस्ट्री के हेड डॉ. नरेश देशमुख, बॉयोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की हेड डॉ.सौम्या खरे, एजुकेशन डिपार्टमेंट की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता वर्मा, सहायक प्राध्यापक अंशुल तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## महाराष्ट्रीयन सुनार समाज ने किया वार्षिक कार्यक्रम



**भिलाई।** महाराष्ट्रीय मालवी सुनार समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा इस वर्ष भी संत नरहरी सोनार महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह का कार्यक्रम गायत्री मंदिर, हुडको में आयोजित किया गया। समाज के सदस्य प्रभाकर पाटने ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10 बजे संत नरहरी सोनार महाराज की आरती करने के बाद बच्चों एवं महिलाओं के लिए खेलकूद व विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी। इस अवसर पर सामाजिक जनो के लिए पारंपरिक भोज का आयोजन किया गया था। जिसके बाद समाज को आगे बढ़ाने सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई और विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों व महिलाओं को पारितोषिक वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सुनील बुट्टे एवं आयोजक राकेश भोरकर, कोषाध्यक्ष किशोर बहाड़े एवं रविंद्र मांगलेकर महिला अध्यक्ष संगीता मानेकर एवं सहयोगी विनीता मांडले ने कार्यक्रम में विशेष योगदान देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

- संत नरहरी सोनार महाराज की पुण्यतिथि मनाई

एजुकेशन लाइव

## खो-खो और हैण्डबाल में शारदा और ए. अर्चना का हुआ चयन





- कन्या महाविद्यालय की छात्राएं कालीकट में होने वाली स्पर्धा के लिए चयनित

**भिलाई।** कन्या महाविद्यालय की दो छात्राओं का कालीकट में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता में चयनित हुए है। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की खिलाड़ियों का चयन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय टीम में ईस्ट जोन एवं अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ।पीजी डिप्लोमा इन योगा में अध्ययनरत शारदा का चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन खो–खो प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। यह प्रतियोगिता 22 फरवरी से 25 फरवरी तक कालीकट विश्वविद्यालय में आयोजित होगी।इसके पूर्व शारदा 6 फरवरी से 8 फरवरी तक विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग बिहार में आयोजित ईस्टजोन प्रतियोगिता में हिस्सा ली थी और इनकी टीम अखिल भारतीय खो–खो प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई।डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर ए. अर्चना का चयन ईस्ट जोन हैण्डबाल प्रतियोगिता में हुआ है, हैण्डबॉल के खिलाड़ी 17 से 19 फरवरी तक बरह्मपुर विश्वविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. ऋतु दुबे, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव एवं क्रीड़ा समिति के सदस्य डॉ. लता मेश्राम और महाविद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दी है।

समाज इवेंट

## लीनेस क्लब भिलाई ने बेसहारा लोगों के साथ बांटी खुशियां





**भिलाई।** लीनेस क्लब भिलाई द्वारा समय-समय पर सेवा कार्य किये जाते है। असहाय जनों के लिए सेवा कार्य करने अपनी गतिविधियों के अंतर्गत पिछले दिनों क्लब द्वारा सेक्टर-3 पुराना बीएसपी स्कूल स्थित फील परमार्थ फाउंडेशन में रह रहे बेसहारा लोगों के साथ वक्त बिताया। इन बुजुर्गों के साथ मातृ-पितृ दिवस के मौके पर सभी का आशीर्वाद लिया और सभी के बीच नाश्ता, फल व मिठाई का वितरण किया। इनमें ज्यादातर बुजुर्ग अशक्त हो चुके हैं। लीनेस क्लब की सदस्यों को अपने बीच पाकर इन बुजुर्गों आभार जताया। लीनेस डॉ. मंजु तिवारी द्वारा सभी के लिए नाश्ता, फल और मिठाई के शौकीनों के चेहरे पर एक मुस्कान ला दी। इस सेवा कार्य में डॉ मंजू तिवारी, राजश्री जैन, माला पोपली, लता गायकवाड़, नीता गुप्ता, सुषमा गुप्ता, देवयानी चंद्राकर, नीता उज्वला और मनमोहन कौर सहित अन्य लोगों सहयोग रहा।

सीबीएससी में चल रही परीक्षा, सीजी बोर्ड 1 मार्च से होंगे शुरु, स्वस्थ रहने डायटिशियन ने दिए टिप्स

# न्यूट्रिशन के साथ बढ़ाएं बच्चों का मेटाबॉलिज्म डाइट से सुधरेगा विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम

**भिलाई।** आने वाले कुछ दिन पढ़ाई करने वाले बच्चों के लिए थोड़ा टेंशन भरा होने वाला है। सीबीएसी बोर्ड दसवीं-बारहवीं की परिक्षाएं शुरु हो चुकी है तो वही सीजी बोर्ड के बोर्ड एग्जाम एकदम करीब हैं। वहीं होम एग्जाम भी शुरू होने वाले हैं और कही शुरु हो चुके है। ऐसे में पल-पल बदल रहे मौसम में पेरेंट्स के सामने बच्चों की सेहत की जिम्मेंदारी बढ़ गई है। एग्जाम के लिए जहां वे पढ़ाई में जुटकर रीविजन पर फोकस कर रहे हैं, वहीं वायरल सीजन से निपटने के लिए हेल्थ टिप्स भी अपना रहे हैं। घरों में मम्मियों ने डाइट चार्ट को तैयार किया है, जिस चार्ट में न्यूट्रिशन के साथ-साथ मेटाबॉलिज्म बढ़ाने की क्वॉलिटी भी रखी गई है। जब तक बच्चों की मेंटल और फिजिकल हेल्थ बेहतर नहीं होगी वह किसी भी फील्ड में बेस्ट परफॉर्मेंस नहीं दे पाएंगे। परीक्षा में अच्छे स्कोर के लिए सिर्फ दिन रात पढ़ाई ही जरूरी नहीं है बल्कि इसके लिए बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ्य भी रहना जरूरी है। यह जानकारी आरोग्यम हॉस्पीटल की डाइटीशियन डॉ रिचा जैन रामरिया ने बताई। डॉ. रिचा के अनुसार एग्जॉम के दौरान सभी माता-पिता को बच्चों की डाइट प्लान पर ध्यान देना चाहिए। डाईटिशियन ने बताया कि परीक्षा के दौरान बच्चों का खान पान क्या होना चाहिए।



### डाइजेस्टिव फूड पर फोकस

एग्जाम के दौरान डाइट प्लान में ऐसा आहार दिया जाए जो डाइजेशन के लिए अच्छा हो। डायटिशियन कहना है कि कई बार बच्चे एग्जाम के समय में कम खाना खाते हैं, ताकि उन्हें नींद ना आए। ऐसे में बॉडी में जरूरी सप्लीमेंट्स नहीं मिल पाते। एग्जाम के समय में जल्दी डाइजेस्ट होने वाले खाने से नींद भी कम आती है और बॉडी में न्यूट्रिशन भी मिलता है।

### बैलेंस्ड डाइट पर ऐसा रहे डाइट चार्ट

डाइट चार्ट में ब्रेकफास्ट में जूस, दूध के साथ ब्रेड बटर या फिर स्प्राउट्स चीला, आटा, रागी ब्रेड के साथ मल्टीग्रेन आटा ब्रेड, मिक्स फ्रूट्स जूस और सैलेड, मिक्स वेजिटेबल्स सूप और ग्रीन वैजीस सैलड, ओट्स और दाल की मात्रा अधिक, रात में भिगोए हुए ड्राइफ्रूट्स, रोस्टेड ड्राईफ्रूट्स, थोड़े-थोड़े अंतराल में लेते रहना चाहिए।

### थोड़ा-थोड़ा ब्रेक लेकर खाएं

मौसम में पल-पल बदलाव हो रहे है। ऐसे में अपनी भूख के साथ बिल्कुल समझौता न करें। इसलिए जरूरी है कि नियमित अंतराल पर वे थोड़ा थोड़ा खाते रहें। इससे बच्चों को पढ़ाई के लिए ऊर्जा मिलती रहेगी। एक साथ भारी भोजन करने से बच्चों को पेट में दर्द या फिर पेट फूलने जैसी दिक्कत हो सकती है। एक साथ भोजन करने से उन्हें पढ़ाई के दौरान नींद भी आ सकती है।

### खूब पीये नारियल और नींबू का पानी, रहेंगे स्वस्थ



डॉ रिचा ने कहा कि परीक्षा की तैयारी में घंटो बैठकर पढ़ाई के दौरान बच्चे अक्सर एक बड़ी गलती यह करते हैं कि वे पानी का सेवन कम करते हैं। पढ़ाई के दौरान बीच बीच में पानी पीते हैं। इससे आपको एनर्जी मिलेगी और जब आप बोर होंगे तो पानी पीने से खुद को रिफ्रेश फील करेंगे। पेरेंट्स बच्चों को नारियल पानी या फिर नींबू पानी भी दे सकते हैं।

### रात में खाएं हल्का खाना

रात का खाना हल्का रखना चाहिए। इसमें मिक्स वेजिटेबल खिचड़ी, मिक्स वेजिटेबल मल्टीग्रेन दलिया, इडली सांभर, पनीर, भरवां डोसा चटनी, मौसमी सब्जी और दाल ले सकते हैं। परीक्षाओं के समय बच्चों को मसालेदार और ऑयली भोजन से परहेज करना चाहिए।

### बाहर का कुछ भी खाने से बचें

सबसे पहले परीक्षा के समय बाहर का खाना खाने से बचें। इससे आपकी सेहत ज्यादा फिट रहेगी। कई बार बाहर का खाना खाने से स्वास्थ्य बिगड़ जाता है, जिसका असर हमारी परीक्षा की तैयारी पर पड़ने लगता है ऐसे में बाहर न जाएं।

### हल्के गर्म पानी से करें दिन की शुरुआत, बादाम और अखरोट खाएं

दिन की शुरुआत गुनगुने पानी के साथ करें। एक गिलास गुनगुने पानी (सौंफ या जीरे का पानी) पीएं। साथ ही भीगे हुए 5 बादाम, 2 अखरोट खाएं। सही मात्रा में पानी पीने से भोजन ठीक तरीके से पचता है और शरीर भी हाइड्रेटेड रहता है, इसलिए कम पानी पीने से चिड़चिड़ापन भी हो जाता है। आप चाहें तो पानी पीने के लिए अलार्म भी लगा सकते हैं। अलार्म बजते ही पानी पी लें।

### लिक्विड का सेवन अधिक करें



रामनगर स्कूल की शिक्षिका प्रीति साव ने कहा कि परीक्षा के दौरान पेरेंट्स इस बात का जरुर ध्यान रखें कि बच्चों को हैवी डाइट की अपेक्षा तरल पदार्थ का सेवन अधिक करने दें। देर तक पढ़ाई करने के दौरान बीच-बीच में सूप, जूस, छाछ या फिर लस्सी ले सकते हैं। साथ ही बच्चे एग्जाम का टेंशन न लेकर आराम से ध्यान पूर्वक पढ़ाई करते है तो परिक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते है।

### बदलते मौसम में ना हो वायरल

डाइटिशियन डॉ रिचा जैन ने कहा कि मौसम बदलने से वायरल इन्फेक्शन के सीजन में सेहत ना खराब हो इसलिए हरी सब्जियों वाली डाइट ठीक रहेगी। रीना गुप्ता ने बताया कि बच्चों के लिए ऐसा खाना तैयार किया जा रहा है, जो डाइजेशन सिस्टम को अच्छा रखे। इसके लिए लेस ऑइल और स्टीम फूड चुना है।

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज की गीता पाठशाला

## 21 जन्मों में किए गए कर्मों के आधार पर बनता है जीवन में भाग्य : माथुर



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज की गीता पाठशाला का रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया। आयोजन में प्रदेशभर के सदस्य जुटे। डॉ. शिरोमणि माथुर के निवास चिखलकसा में विद्यालय की एक शाखा संचालित है। इस गीता पाठशाला का रजत जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम व आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। 3 मिनट का मौन रखकर ईश्वरीय योग लगाया गया, फिर 25 वर्षों की खुशी में केक काटा गया। इस अवसर पर डॉ. शिरोमणि माथुर, बसंती पटेल, इसरावती जयसवाल, श्यामा माता, अंजलि दीदी, सुमित्रा दीदी ने संस्था की तीनों तपस्वी पूर्णिमा, स्वर्णा व आभा को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। गोपेश सोनवानी ने गीत गाकर माहौल आध्यात्मिकता व संगीत से मधुर व मोहक बना दिया। बाबा का घर मधुर संगीत व प्रकाश से भरपूर रहा। संचालिका डॉ. माथुर ने 25 वर्षों की लंबी यात्रा को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा बाबा के ज्ञान को समझ कर हम अपने जीवन व संसार के रहस्यों को गंभीरता से समझ सकते हैं। हम जैसा कर्म करते हैं वैसा फल मिलता है। यह ज्ञान बाबा के मुख से निकले हुए महावाक्य हैं, जिनसे 21 जन्मों का भाग्य बनता है। इस अवसर पर प्राचार्य रानाडे, गोपेश सोनवानी, पवन साहू, ईश्वर, डॉ. विनोद, आशुतोष माथुर, प्रदीप, मनोज पाटिल, मनोज दास, जगप्रसाद, सेवाराम साहू, भोजराम साहू, निलेश श्रीवास्तव, रामेश्वर मांडवी, पुनाराम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

रजत जयंती समारोह में जुटे प्रदेशभर के सदस्य

विद्यार्थियों की उपलब्धि

## बीएड में गौरी और राशि प्रावीण्य सूची में शामिल





**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने फरवरी 2023- 24 की सभी परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची जारी की। इस सूची में खालसा कॉलेज के दो प्रशिक्षणार्थियों ने अपना स्थान सुनिश्चित कर कॉलेज का मान बढ़ाया है। बी. एड.2022 - 24 की छात्रा गौरी मिश्रा ने तीसरा स्थान और छात्र राशि मेश्राम ने नौवां स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों को भी बताया और उनके उपलब्धि पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की। इस शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुनीता बोकडे ने विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को बधाई दी और भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। कॉलेज के डायरेक्टर हरमीत सिंह भाटिया एवं गुरबीर सिंह भाटिया ने बधाई देते हुए कहा कि कालेज प्रबंधन की सर्वोच्च प्राथमिकता गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना है जिसके लिए सभी संभव बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाती है। इसके अतिरिक्त कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को उनके शत प्रतिशत प्रदर्शन पर बधाई प्रेषित की गई।

परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची जारी की

सेंट थामस कॉलेज में आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल हुए ग्रामीण विधायक

कार्नर न्यूज

## ज्ञान जहां से प्राप्त करते हैं उनका सदैव सम्मान करें क्योंकि ज्ञान अंधकार को करता है दूर : विधायक ललित

**भिलाई।** ज्ञान जहां से प्राप्त करते हैं उनका सदैव सम्मान करें, क्योंकि ज्ञान हमारे अंदर से अंधकार का दूर करता है। यह बात दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर ने सेंट थॉमस कॉलेज में मंगलवार को आयोजित वार्षिकोत्सव 'आगाम' में बतौर मुख्य अतिथि कहे। आगे उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने और इसे निरंतर अभ्यास करने से अनुभव आता है। अनुभव हमेशा मार्गदर्शक की भूमिका में होता है और जो हमें प्रेरित भी करता है। सेंट थॉमस कॉलेज इस वार्षिकोत्सव में प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने महाविद्यालय का सत्र 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा। इसमें उन्होंने कहा कि महाविद्यालय न केवल शैक्षणिक गतिविधियों में आगे है बल्कि खेल और अन्य सामाजिक गतिविधियों में भी अपनी भूमिका निभाता है। इसी क्रम में कॉलेज के पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों ने जिला प्रशासन दुर्ग के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव 2024 में मीडिया मॉनिटरिंग का कार्य किया था। इसके लिए दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने प्रमाण पत्र प्रदान किया था। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग विश्वविद्यालयीन परीक्षा में 8 गोल्ड मेडल सहित कुल 44 विद्यार्थियों ने प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया। इन सभी विद्यार्थियों का प्रतीक चिन्ह और प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में खेल, एनसीसी व एनएसएस में विशेष प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया गया। वहीं इस अवसर पर कॉलेज की कर्मचारी शकुन यादव को भी महाविद्यालय में 25 वर्षों की सेवा पूरा करने पर शॉल व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया।



### सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ फैशन शो ने जमाया रंग



वार्षिकोत्सव आगाम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और फैशन शो का भी आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ का हिस्सा लिया। इन कार्यक्रमों में डांसिग स्टॉर ऑफ आगाम का खिताब ग्लैमर ऑफ साउथ डांस ग्रुप को मिला। वाइस ऑफ आगाम का खिताब नुपुर संजना एंड ग्रुप को मिला। वहीं फैशन शो के विनर फेस ऑफ 'आगाम' (फीमेल) का खिताब बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अर्पिता मंडल को मिला जबकि फेस ऑफ आगाम मेल का खिताब बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर के हरमीत सिंह गिल को दिया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बोरसी के पार्षद साजन जोसेफ, पार्षद शीला नार्कडे, पार्षद माया यादव भी उपस्थित थी।

### अतिथियों ने उठाया पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ

साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने किया। इस मौके पर सेंट थॉमस मिशन के कोषाध्यक्ष रेवरेंट फादर थॉमस रम्बान और कॉलेज के प्रशासक डॉ. पीएस वर्गीस विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वागत भाषण कॉलेज की डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी ने दिया। वहीं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. चंदा वर्मा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेखा जवादे और डॉ. वी. शांति ने किया। इस अवसर पर कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग ने फूड फेस्ट का भी आयोजन किया था जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्टॉल लगाकर विभिन्न व्यंजनों के स्वाद चखने का मौका भी दिया। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. दीप्ति संतोष रहीं। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकों, विद्यार्थियों के साथ उनके पालकगण भी मौजूद रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में कृतिका ने जीता रजत



रायपुर। राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में बिलासपुर की कृतिका चौहान ने रजत पदक प्राप्त किया। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में 68वीं राष्ट्रीय अंडर 14 बालिका सॉफ्टबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 16 फरवरी के मध्य औरंगाबाद महाराष्ट्र में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में कृष्णा पब्लिक स्कूल कोनी की छात्रा कृतिका चौहान ने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने शानदार खेल की बदौलत टीम का द्वितीय स्थान सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की टीम ने सहभागिता दी थी। कृतिका के राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त करने पर छत्तीसगढ़ बेसबॉल की महासचिव मिताली घोष, कोच अख्तर खान, लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गहिरे, योगेंद्र यादव, नेटबॉल संघ के सौरभ सिंह, रूपेंद सिंह, रितेश धांधी, अविनाश तथा कृष्णा पब्लिक स्कूल परिवार कोनी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कुश्ती में छत्तीसगढ़ के मनोज को चांदी




रायपुर। छत्तीसगढ़ के मनोज साहू ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर रजत पदक जीता। पुणे में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर पहली बार सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता में मनोज ने रजत पदक प्राप्त कर प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। संघ और खिलाड़ियों ने उनके इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

### एशियाई बेंच प्रेस में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन



रायपुर। एशियाई पावरलिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेडलिफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 फरवरी तक दुबई (यूनाइटेड अरब एमिरात ) में किया गया। नेशनल पावरलिफ्टर्स फेडरेशन इंडिया मान्यता प्राप्त ग्लोबल पावर फेडरेशन जीपीएफ (यूक्रेन) एवं ग्लोबल पावर एलायंस जीपीए (ब्रिटेन) इस प्रतियोगिता के आयोजकर्ता थे। जिसमें सब जूनियर ,जूनियर, सीनियर, मास्टर मेन एवं वूमेन एशियन देश के अंतर्गत ईरान, दुबई ,भारत,मालदीव्स एवं अन्य देश के चयनित खिलाड़ियों को अपने शौर्य का प्रदर्शन करने के लिए मौका मिला था। जिसमें भारतीय टीम में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं सर्टिफाइड कोच उत्तम कुमार साहू, राष्ट्रीय खिलाड़ी जयेश पंजवानी व मेघा भगत ने अपने शौर्य का प्रदर्शन कर भारत का प्रतिनिधित्व किए। भारत की तरफ से उत्तम कुमार साहू मास्टर -1 कैटेगरी में 92.5 किलोग्राम एवं मेघा भगत ने 67.5 किलोग्राम एवं जयेश पंजवानी में 120 किलो ग्राम का भार उठाकर तीन स्वर्ण पदक प्राप्त किए हैं। यह प्रतियोगिता स्वर्ण पदक के स्थान के लिए था। इस जीत में भारतीय टीम के कोच एवं छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टरर्स एसोसिएशन के महासचिव राकेश कुमार साहू का विशेष योगदान रहा। टीम मैनेजर के रूप में एनपीएफ के अध्यक्ष राज महावीर सिंह, नेशनल रेफरी महेश सखाराम पानसे एवं सुभाष कामदी थे। टीम की फिजियोथैरेपिस्ट डॉ नीतू वर्मा एवं इंडियन किट डिजाइनर पर्ख के डायरेक्टर जितेंद्र नागदेव, इस शानदार जीत पर भारतीय टीम के राष्ट्रीय महासचिव लिओ पीटर ने बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ स्टेयर्स राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 8 मार्च से राजधानी में




रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेयर्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 8 व 9 मार्च क़ो अग्रवाल पब्लिक स्कूल अटल नगर नया रायपुर में आयोजित है। छत्तीसगढ़ स्टेयर्स चीफ हेड मुकेश पुरी गोस्वामी नें बताया कि प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, कराते, योगासान, शतरंज, स्केटिंग की प्रतियोगिता आयोजित होंगी। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। एक भारत एक लक्ष्य के अभियान के तहत ताइक्वांडो स्टेयर्स हेड संतोष निर्मलकर नें बताया की ताइक्वांडो में सब जूनियर, कैडेट, जूनियर, सीनियर महिला /पुरुष वर्ग के मुकाबले होंगे। जिसमें क्योंगरी व पुमसे की प्रतियोगिता होंगी। साथ ही साथ कराटे, योगासन, शतरंज, स्केटिंग प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन होगा।

## कोलेस्ट्रॉल को लेकर भ्रांतियां ज्यादा

# अब आम हो चुकी है कोलेस्ट्रॉल की समस्या, इससे जुड़े हुए बहुत से मिथक और यथार्थ को जरूर जानिए


कोलेस्ट्रॉल का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बने रहना हृदय की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। हम सभी रोज कोलेस्ट्रॉल के बारे में सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप वास्तव में कोलेस्ट्रॉल से परिचित हैं। आइए कुछ ऐसे ही मिथ्स के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर लोग सही मानते रहे हैं।

हाई कोलेस्ट्रॉल मौजूदा समय की सबसे आम समस्याओं में से एक है। वयस्क हों या बुजुर्ग यहां तक कि 20 से कम उम्र के लोगों में भी कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत देखी जा रही है। कोलेस्ट्रॉल का स्तर अक्सर सामान्य से अधिक बने रहना हृदय की गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है। डॉक्टर कहते हैं, भले ही कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही अक्सर हम सभी चिंतित हो जाते हैं पर असल में कोलेस्ट्रॉल इतना भी बुरा नहीं है। शरीर को ठीक से काम करते रहने के लिए कोलेस्ट्रॉल की आवश्यकता होती है, पर जब इसका स्तर सामान्य से अधिक हो जाता है तो ये गंभीर समस्याओं को बढ़ाने लगती है। कोलेस्ट्रॉल एक मोम जैसा फैट होता है जो सेल मेंब्रेन और कई हार्मोन्स बनाने के साथ भोजन को पचाने में मदद करता है। हालांकि जब रक्त में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ने लगता है तो इससे कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी रोज कोलेस्ट्रॉल के बारे में सुनते-पढ़ते रहते हैं पर क्या आप वास्तव में कोलेस्ट्रॉल से परिचित हैं। आइए कुछ ऐसे ही मिथक के बारे में जानते हैं जिन्हें अक्सर लोग सही मानते रहे हैं।



### मिथकः कोलेस्ट्रॉल मतलब सेहत के लिए खतरा।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल का नाम सुनते ही सबसे पहला ख्याल यही आता है कि कोलेस्ट्रॉल मतलब सेहत के लिए खतरा। पर वास्तव में कोलेस्ट्रॉल इतना भी बुरा नहीं है। कोलेस्ट्रॉल दो प्रकार का होता है- बैड और गुड। गुड कोलेस्ट्रॉल शरीर की कोशिकाओं, हार्मोन (जैसे एस्ट्रोजन और टेस्टोस्टेरोन) और विटामिन-डी के निर्माण में मदद करता है। संतुलित मात्रा में कोलेस्ट्रॉल शरीर के सुचारू कार्य के लिए आवश्यक होता है। हालांकि अगर इसकी मात्रा अक्सर सामान्य से अधिक बनी रहता है तो निश्चित ही ये सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।



### मिथक मांसाहारी लोगों को कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत ज्यादा होती है

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का कहना है कि भोजन से प्रतिदिन 300 मिलीग्राम से कम कोलेस्ट्रॉल प्राप्त करना चाहिए। संतृप्त वसा यानी सैचुरेटेड फैट इसका बड़ा कारण माना जाता है। रेड मीट, मक्खन और फुल फैट वाले डेयरी उत्पाद में सैचुरेटेड फैट की अधिकता होती है। एक अंडे में 186 मिलीग्राम तक कोलेस्ट्रॉल और सिर्फ 1.6 ग्राम सैचुरेटेड फैट होता है। शाकाहारी हो या मांसाहारी किसी को भी कोलेस्ट्रॉल की दिक्कत हो सकती है इसलिए आहार को लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए।

### मिथक- कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है तो ये सिर्फ दवा से ठीक होगा।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोलेस्ट्रॉल को चूंकि हृदय रोगों और हार्ट अटैक का कारण माना जाता रहा है इसलिए अक्सर लोग चिंतित रहते हैं। कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए आपको दवाओं का जरूरत होती है पर अगर ये बहुत ज्यादा नहीं है और आपको हार्ट से संबंधित बीमारियां नहीं हैं तो जीवनशैली में बदलाव



से भी लाभ मिल सकता है। दवाओं के साथ-साथ स्वस्थ खान-पान, नियमित व्यायाम और तनाव प्रबंधन की मदद से भी कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल किया जा सकता है। मिथक- केवल 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को कोलेस्ट्रॉल की जांच करवानी चाहिए। डॉक्टर बताते हैं कि कोलेस्ट्राल की समस्या किसी को भी हो सकती है इसलिए वयस्कों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को हर 5 साल में कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए। 45 से 65 वर्ष की आयु के पुरुषों और 55 से 65 वर्ष की आयु की महिलाओं को हर एक साल में इसकी जांच करानी चाहिए। 65 वर्ष की आयु के बाद छह-आठ माह में इसका टेस्ट कराएं। यदि आपका कोलेस्ट्रॉल हाई रहता है अपने डॉक्टर से इसके बारे में पूछें और बताए गए उपायों का पालन करते रहें।



## बच्चों का मानसिक विकास रोक रहा सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल

आजकल हर किसी के हाथ में स्मार्टफोन है। चाहे वह 5 साल का बच्चा ही क्यों ना हो, धड़ल्ले से सोशल मीडिया का इस्तेमाल हो रहा है। अब सवाल है कि क्या सोशल मीडिया बच्चों की मानसिक विकास को प्रभावित कर सकता है? अगर हां तो कैसे

डिजिटल युग में आजकल हर किसी के हाथ में मोबाइल फोन है। चाहे वो 5 साल का बच्चा ही क्यों न हो। माता पिता भी खुद को फ्री रखने के लिए बच्चों को समय से पहले फोन पकड़ा देते हैं। धीरे-धीरे बच्चे इसके आदी हो जाते हैं। कम उम्र में ही सोशल मीडिया पर समय बिताने लगते हैं,फिर चाह कर भी यह आदत छुड़ाना मुश्किल हो जाता है। इससे ना सिर्फ शारीरिक तौर पर बच्चों को नुकसान होता है बल्कि मेंटल हेल्थ और ग्रोथ दोनों ही प्रभावित होती है। विषय विशेषज्ञ डॉ. हिमानी नरूला खन्ना इस बारे में जानकारी दे रही हैं।

एक्सपर्ट बताती हैं कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल बच्चों के ध्यान कंद्रित करने की क्षमता पर असर डालता है। सोशल मीडिया पर घंटो विजुअल्स देखने के बाद बच्चे लंबे समय तक किसी भी काम पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। इससे उनकी कॉन्सेंट्रेशन पावर घटती है।,जिससे स्कूल में पढ़ाई



पर भी असर पड़ सकता है।

जब बच्चे स्क्रीन पर ज्यादा वक्त बिताते हैं,तो उनकी सीधी बातचीत यानी फेस टू फेस कॉम्यूनिकेशन कम हो जाती है। इससे उनकी भाषा और बातचीत की क्षमता प्रभावित होती है, क्योंकि वे बॉडी लैंग्वेज और चेहरे के भाव को समझने में कमजोर हो जाते हैं।

सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले कंटेट बच्चों के व्यवहार पर असर डालते हैं। इससे उनमें आक्रामकता बढ़ सकती है। इसस वह असल जिंदगी में गुस्सैल और चिड़चिड़े हो सकते हैं।

सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाली ऐसी कई चीजों पर यकीन कर लेते हैं,जिनका रियल लाइफ से कोई नाता ही नहीं होता है। असल जिंदगी में भी वे ऐसा ही चाहते हैं, और जब चीजें उस तरह से नहीं होती है, तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी समस्या बचपन से ही शुरू हो जाती है। इससे उनकी मेंटल हेल्थ खराब हो जाती है।

### ऐसे रखें ध्यान

बच्चों की स्क्रीन टाइम को संतुलित करें। उन्हें रियल लाइफ से रूबरू कराएं। असली दुनिया की गतिविधियों में शामिल करें जैसे आउटडोर गेम्स, किताबे पढ़ना, आर्ट, सोशल मीडिया पर बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और जरूरत से ज्यादा एक्सपोजर को सीमित करें।



## अनार का छिलका बड़े काम का, ऐसे करें इस्तेमाल

क्या आपको पता है कि अनार के छिलके कितने सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। आप इन्हें फेंकने के बजाय कई सारी रेसिपीज तैयार कर सकते हैं। आइए जानते हैं अनार के छिलकों से बनने वाली कुछ बेहतरीन रेसिपीज के बारे में।


अक्सर अनार खाने के बाद उसके छिलकों को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनका इस्तेमाल कई तरह के स्वादिष्ट और सेहतमंद व्यंजनों में किया जा सकता है? अनार के छिलके में एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और प्राकृतिक फ्लेवोनॉयड्स होते हैं, जो न केवल आपकी सेहत के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि खाने में एक अनोखा स्वाद भी जोड़ते हैं। आप इन छिलकों को सुखाकर पाउडर बना सकते हैं, जिसे करी, चटनी और दाल में मिलाकर एक हल्का खट्टा स्वाद दिया जा सकता है। कई लोग अनार के छिलकों का उपयोग हर्बल चाय बनाने में भी करते हैं, जो पाचन में सुधार लाने और इम्युनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है। इसके अलावा, इन्हें मांस को मैरीनेट करने, ग्रेवी में गाढ़ापन लाने और कुछ विशेष मसालों के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप किचन में कुछ नया और हेल्दी ट्राई करना चाहते हैं, तो अनार के छिलकों को फेंकने के बजाय उन्हें अपनी रेसिपीज में शामिल करें। यह न सिर्फ आपके खाने के स्वाद को बढ़ाएगा, बल्कि पोषण से भी भरपूर होगा!

### अनार के छिलके की चाय

आपकी रेगुलर ब्लैक टी से अलग यह चाय आपके लिए फायदेमंद होगी। इसे बनाना भी उतना आसान है, जितना आप ब्लैक टी बनाते हैं।

### चाय बनाने का तरीका-

सबसे पहले अनार के छिलकों को अच्छे से



धोकर धूप में सुखा लें। एक पैन में 2 कप पानी लें और उसमें सूखे छिलके डालें। इसे मध्यम आंच पर 5-7 मिनट तक उबालें। गैस बंद करके चाय को छान लें और इसमें शहद और नींबू का रस मिलाएं। गर्मागर्म हर्बल चाय का आनंद लें, जो आपकी पाचन क्रिया को बेहतर बनाएगी और इम्युनिटी बढ़ाएगी।

### अनार के छिलके की चटनी

धनिया और पुदीना की चटनी खाकर बोर हो गए हों, तो अनार के छिलके से चटनी बनाकर देखें। छिलके का स्वाद इसे फ्लेवरफुल बनाएगा, आइए रेसिपी जानें-

### चटनी बनाने का तरीका-

अनार के छिलकों को हल्का-सा भून लें ताकि उनका कड़वापन कम हो जाए। एक मिक्सर में छिलके, लहसुन, हरी मिर्च, धनिया पत्ती और जीरा पाउडर डालें। थोड़ा पानी डालकर इसे पीस लें और स्मूथ चटनी बना लें। अंत में नींबू का रस मिलाएं और इसे आलू के पराठे, रोटी या चावल के साथ सर्व करें।

## बच्चों के कपड़े रात में घर से बाहर नहीं सुखाने चाहिए?

भारतीय परंपराओं और मान्यताओं में कई ऐसी बातें कही गई हैं, जिनका वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दोनों आधार होते हैं। इन्हीं में से एक मान्यता यह भी है कि रात में बच्चों के कपड़े बाहर नहीं सुखाने चाहिए। यह बात सुनने में अजीब लग सकती है, लेकिन इसके पीछे धार्मिक, ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारण बताए जाते हैं। आइए जानते हैं, आखिर क्यों यह परंपरा प्रचलित है और इसके पीछे की मान्यता क्या कहती है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं कि काले रंग के सामान को रखने के दौरान किन नियमों का पालन करना जरूरी है।



### धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यता

**नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव**_ हिंदू धर्म में यह माना जाता है कि रात के समय नकारात्मक शक्तियां सक्रिय हो जाती हैं। ऐसे में अगर बच्चों के कपड़े बाहर सुखाए जाते हैं, तो उन पर बुरी शक्तियों या नकारात्मक ऊर्जा का असर हो सकता है, जो बच्चे के स्वास्थ्य और जीवन पर बुरा प्रभाव डाल सकता है।

**भूत-प्रेत और नजर दोष**_ कुछ मान्यताओं के अनुसार, बच्चों को बुरी नज़र जल्दी लगती है। रात के समय खुले में रखी चीजों पर नकारात्मक शक्तियां हावी हो सकती हैं, जिससे बच्चे बीमार हो सकते हैं या उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ सकता है।

**चंद्रमा और ग्रहों का प्रभाव**_ ज्योतिष शास्त्र में कहा जाता है कि चंद्रमा की ऊर्जा रात के समय अधिक प्रभावी होती है।

कार्नर न्यूज

## सोलो डेट प्लान कीजिए और खुश रहिए

# खुद से प्यार करते हैं तो अपनाइए सोलो डाइनिंग मौजूदा दौर के नए ट्रेंड में मिलेगा आपको सुकून

सोलो डाइनिंग में आप खुद से प्यार करते हैं और अपनी पसंदीदा डिश के साथ कुछ पल इंजॉय करते हैं। ऐसे में अगर आप भी सोलो डेट प्लान कर रहे हैं, तो यह काम हम आपके लिए आसान कर देते हैं। आज के समय में सोलो डाइनिंग यानी अकेले बाहर खाना खाने का चलन तेजी से बढ़ रहा है। पहले अकेले बाहर खाना खाने को लेकर लोगों में हिचकिचाहट थी। मगर वक्त के साथ-साथ अब यह सब भी खत्म हो गया और अब यह एक नया ट्रेंड बन चुका है। सोलो डेट न सिर्फ आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है, बल्कि खुद से प्यार करने का एक तरीका भी है।

सोलो डाइनिंग में आप खुद से प्यार करते हैं और अपनी पसंदीदा डिश के साथ कुछ पल इंजॉय करते हैं। ऐसे में अगर आप भी सोलो डेट प्लान कर रहे हैं, तो यह काम हम आपके लिए आसान कर देते हैं। आइए जानते कि आप इसे कैसे प्लान कर सकते हैं और किन जगहों पर डाइनिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।



### क्यों करें सोलो डाइनिंग?

सोलो डाइनिंग को अपनाने के कई फायदे हैं, जो न सिर्फ आपके खाने के एक्सपीरियंस को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपके मानसिक और हेल्थ में भी सुधार लाते हैं। जब आप अकेले बाहर जाकर खाना खाते हैं, तो आप अपने फैसले खुद लेते हैं। इसके अलावा, अकेले बाहर जाने से आप नए कैफे, रेस्टोरेंट और खाने के नए एक्सपीरियंस से रूबरू हो सकते हैं।

### कैसे करें सोलो डाइनिंग प्लान?

**सही रेस्टोरेंट या कैफे चुनें:** सोलो डाइनिंग हर जगह अच्छी नहीं लगती, कई जगहों पर ग्रुप या दोस्तों के साथ जाने में मजा आता है। इसलिए सोलो डाइनिंग के लिए जगह को सेलेक्ट करते वक्त ऐसी रेस्टोरेंट या कैफे का चुनाव करें, जहां का माहौल शांत और अच्छा हो। ऐसे कैफे या रेस्टोरेंट में जाकर आप अपने साथ वक्त बिता सकते हैं और खुद को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं। वैसे तो ऐसे कई रेस्टोरेंट हैं जहां पर प्लान किया जा सकता है। मगर बेहतर होगा कि आप दिल्ली जैसे-कनॉट प्लेस, खान मार्केट, हौज खास या साकेत के कुछ बेहतरीन रेस्टोरेंट्स में जाकर आप अपने सोलो डाइनिंग को और भी यादगार बना सकते हैं। हालांकि, आपको रेस्टोरेंट्स डिसाइड करने से पहले बजट भी देखना होगा।

रेस्टोरेंट या कैफे में रिजर्वेशन पहले से कर लें

जब आप सोलो डाइनिंग का प्लान बना रहे हों, तो यह बेहद जरूरी है कि आप पहले से ही अपनी टेबल बुक कर लें। पहले से रिजर्वेशन करने से आपको इंतजार नहीं करना पड़ेगा, जिससे आप अपना समय बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगे।

साथ ही, बिना किसी देरी के अपने सोलो डाइनिंग का आनंद उठा सकेंगे। इसके अलावा, अपनी डेट को और यादगार बनाने के लिए आप अपनी मनपसंद सीट को भी बुक कर सकते हैं।

**मेन्यू को पहले ही कर लें चेक:** सोलो



डाइनिंग का एक्सपीरियंस और भी बेहतर बनाने के लिए, रेस्टोरेंट के मेन्यू को पहले ही चेक कर लें। इससे आप पहले से ही जान सकते हैं कि वहां कौन-कौन से डिशेज मौजूद हैं, उनकी कीमतें क्या हैं और क्या वे आपकी पसंद और डाइटरी जरूरतों के हिसाब से हैं या नहीं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्रिस्टोफर की 'द ओडिसी' में नजर आएंगे डेमन, फैंस हुए उत्साहित



क्रिस्टोफर नोलकी की आगामी फिल्म 'द ओडिसी' में मैट डेमन मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। फैंस उन्हें पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हो गए हैं। अभिनेता मैट डेमन और उनके लुक को लेकर फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर ये जानकारी दी गई है। पोस्ट में यह भी बताया गया कि यह फिल्म 17 जुलाई साल 2026 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' को पहले भी कई बार फिल्म और टेलीविजन पर रूपांतरित किया जा चुका है। इसे साल 1954 में इतालवी फिल्म यूलीसिस और साल 1997 की मिनी-सीरीज 'द ओडिसी' में रुपांतरित किया गया था। हाल ही में राल्फ फाएनेस और जूलियट बिनोचे की जोड़ी को ओडिसियस और पेनलोप के रूप में देखा गया था, जो कि फिल्म द रिटर्न में थीं। क्रिस्टोफर नोलन की इस नई फिल्म में मैट डेमन, टॉम हॉलैंड, एनी हैथवे, जेंडाया, रॉबर्ट पैटिनसन, लुपिटा न्योंगो और चार्लीज थेरॉन जैसे प्रमुख कलाकार नजर आएंगे। यह नोलन की यूनिवर्सल के लिए दूसरी फिल्म होगी, इससे पहले उनकी फिल्म ऑपेनहाइमर ने दर्शकों पर अपना खूब जादू चलाया था। इस फिल्म का ऑस्कर्स में भी जलवा देखने को मिल चुका है।

### टॉलीवुड

## शिव के जन्मदिन पर 'मद्रासी' का टीजर रिलीज, फैंस उत्साहित

'आमरण' फेम अभिनेता शिव कार्तिकेयन के जन्मदिन पर निर्माता एआर मुरुगादॉस ने शिव कार्तिकेयन को उनकी नई फिल्म का तोहफा दिया है, जिसका शीर्षक उन्होंने 'मद्रासी' रखा है। साथ ही इस फिल्म का टीजर भी रिलीज कर दिया गया है। श्रीलक्ष्मी मूवीज बैनर तले इस फिल्म का शीर्षक निर्माता एआर मुरुगादॉस ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए शिव को जन्मदिन की बधाई भी दी है। मुरुगादॉस ने फिल्म के शीर्षक को छह भाषाओं में रिलीज किया है। जारी हुए पोस्टर में शिव कार्तिकेयन का दाढ़ी वाला लुक नजर आ रहा है। इसमें लटकती जंजीरें भी दिख रही हैं।



शिव कार्तिकेयन की इस आगामी फिल्म का पहला टीजर भी रिलीज कर दिया गया है, जो 44 सेकेंड का है। यह फिल्म श्रीलक्ष्मी मूवीज बैनर तले बनाई जा रही है। साथ ही इस फिल्म का प्रोडक्शन एन क्षीलक्ष्मी द्वारा किया जा रहा है। जारी टीजर में शिवा कार्तिकेयन फुल एक्शन रोल में नजर आ रहे हैं। साथ ही रुक्मिणी वसंत, विद्युत जामवाल, बीजू मेनन, शब्बीर कल्लारक्कल और विक्रांत भी दिखाई दे रहे हैं।

बीते 16 फरवरी को मुरुगादॉस ने इस आगामी फिल्म का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी किया था। साथ ही कहा था कि इस फिल्म का शीर्षक खास दिन घोषित किया जाएगा। बीते दिन जारी हुए पोस्टर में शिवकार्तिकेयन की पीठ कैमरे की ओर दिखाई दे रही थी, जबकि वह लटकती लोहे की जंजीरों के बीच खड़े थे। यह फिल्म एआर मुरुगादॉस और शिवकार्तिकेयन की एक साथ वाली पहली फिल्म हैं। इसमें संजय दत्त, विद्युत जामवाल, बीजू मेनन और अन्य कलाकारों की टोली शामिल है। खबर है कि जामवाल मुख्य प्रतिपक्षी की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि कन्नड़ अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत मुख्य महिला की भूमिका में होंगी, जो तमिल सिनेमा में उनकी पहली फिल्म होगी। अनिरुद्ध रविचंदर फिल्म के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## रिलीज होते ही छा गया खेसारी की फिल्म 'डंस' का गाना 'हल्ला भईल बा'



भोजपुरी सिनेमा के हिट मशीन और ट्रेंडिंग स्टार कहे जाने वाले स्टार खेसारी लाल यादव की फिल्म 'डंस' का गाना 'हल्ला भईल बा' आज मेकर्स ने ग्लोबल म्यूजिक जंक्शन पर रिलीज किया है। यह गाना रिलीज हुए अभी कुछ ही समय हुआ है, लेकिन यह गाना खूब ट्रेंड कर रहा है। फिल्म 'डंस' का गीत 'हल्ला भईल बा' को खेसारी लाल यादव और खुशी कक्कर ने गाया है। इस गीत को कृष्णा बेदर्दी ने लिखा है और उन्हीं के कम्पोज भी किया है। इस गाने को कोरियोग्राफर रामदेवन ने बहुत ही खूबसूरती के साथ पिक्चराइज किया है। फिल्म के गाने में खेसारी लाल यादव की सिगरेट के धुएं के साथ एंट्री होती है। उनका यह लुक काफी पसंद किया जा रहा है। इसके साथ ही गाने में अभिनेत्री अहाना शर्मा के साथ उनके कातिलाना लुक को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।

बात करें फिल्म 'डंस' की तो खेसारी लाल यादव का इस फिल्म में जबरदस्त एक्शन अवतार अवतार देखने को मिलेगा। जब से इस फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ है। तब से दर्शक इस फिल्म को देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म में हार्डकोर एक्शन के साथ-साथ जबरदस्त म्यूजिकल लव स्टोरी भी है।

स्निप कॉर्पोरेशन के बैनर तले बन रही इस फिल्म का निर्माण सुधीर सिंह किया। सुधीर सिंह इससे पहले 'दूल्हा मिलल दिलदार' सहित कई फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। फिल्म का डायरेक्शन धीरज ठाकुर ने किया है। फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर कृष्ण बेदर्दी,आर्यन पॉटर, गीतकार प्यारे लाल कवि, कृष्ण बेदर्दी और शेखर मधुर, डीओपी श्रवण नतरंजन और कोरियोग्राफर राम देवन हैं।

## शेक्सपीयर का असर

न्यूयॉर्क फैशन वीक में एक नाटकीय और रोमांटिक संग्रह का अनावरण किया, जो विलियम शेक्सपियर की दुनिया और रॉयल शेक्सपियर कंपनी की प्रसिद्ध वेशभूषा से प्रेरित है। यह कलेक्शन आधुनिक महिला के लिए 16वीं सदी की भव्यता की पुनर्व्याख्या करता है।



लाइफ स्टाइल

## पुरुषों के बालों को मजबूत और घना बनाएंगे खास नुस्खे

पुरुषों के बालों की देखभाल अक्सर नजरअंदाज की जाती है, इसकी वजह से कम उम्र में ही पुरुष बालों के झड़ने और सफेद बालों से परेशान होने लगते हैं। यदि आप भी इन परेशानियों से जूझ रहे हैं और अगर आप चाहते हैं कि आपके बाल घने, मजबूत और हेल्दी रहें, तो हेयर एक्सपट्र्स के बताए इन आसान तरीकों को अपनी डेली रूटीन में शामिल करें।

### हेयर टाइप के हिसाब से चुनें शैंपू और कंडीशनर

यदि आप चाहते हैं कि आपके बाल झड़े नहीं, और मजबूत बने रहें तो हमेशा अपने बालों के टाइप के हिसाब से ही शैंपू और कंडीशनर का चयन करें। शैंपू खरीदते समय ध्यान रखें कि इसमें सल्फेट और पैराबेन नहीं होना चाहिए, वरना ये आपके बालों को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाएगा। हफ्ते में 2-3 बार ही शैम्पू करें, क्योंकि ज्यादा शैम्पू करने से बाल ड्राई हो सकते हैं।

### मसाज करना कभी न भूलें

अक्सर लोगों को लगता है कि छोटे बालों में लड़कों को तेल मसाज की जरूरत नहीं पड़ती। ऐसे में हफ्ते में 1-2 बार हल्के गुनगुने नारियल, बादाम या अरंडी के तेल से सिर की मसाज करें। हफ्ते में दो से तीन बार तेल मसाज करने से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। ये जरूरी नहीं है कि आप तेल को रातभर लगाकर रखें। आप इसे नहाने से एक घंटे पहले भी लगा सकते हैं।

### हीट और केमिकल से बचें




लड़कियों की तरह लड़के भी अपने बालों को स्टाइल करने के लिए हीटिंग टूल का इस्तेमाल करते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि लड़कों के बाल छोटे होते हैं, इसलिए केमिकल्स जल्दी उनके स्कैल्प तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में अगर हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स जैसे कि वैक्स, जेल, स्प्रे का इस्तेमाल करते हैं, तो रात में बाल धोकर सोएं, ताकि स्कैल्प हेल्दी रहे।

### सही डाइट है जरूरी

यदि आप आंतरिक रूप से अपने बालों को मजबूत बनाना चाहते हैं तो अपनी डाइट को सही करें। बालों की ग्रोथ और मजबूती के लिए प्रोटीन, बायोटिन, विटामिन B, C, और E से भरपूर फूड्स खाएं। हरी सब्जियां, अंडे, नट्स, दही, सोया, और मछली को डाइट में शामिल करें।

## नजर आना चाहती हैं सबसे अलग तो वियर करें ऑफ शोल्डर ड्रेसेस




ऑफिस में होने वाली पार्टी में महिलाएं बेस्ट नजर आना चाहती और इसके लिए वो पार्टी की थीम के अनुसार ही आउटफिट का चुनाव करती हैं। लेकिन , अगर आपकी ऑफिस की पार्टी किसी क्लब या आउटडोर लोकेशन पर हो रही हैं तो आर्टिकल आपके काम का हो सकता है। दरअसल, इस तरह की पार्टी में महिलाएं ड्रेस वियर करती है और अगर आप सबसे अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की ऑफ शोल्डर ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इस ड्रेस में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा।



### ए-लाइन ऑफ शोल्डर ड्रेस

न्यू लुक के लिए आप इस तरह की ड्रेस ऑफिस की पार्टी में पहन सकती हैं। यह ए-लाइन ड्रेस ऑफ शोल्डर में है साथ ही शॉर्ट स्लीव्स और फ्लार स्टाइल में है। इस तरह की ड्रेस में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा और इस ड्रेस को आप कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,000 से 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं।

इस ड्रेस के साथ राउंड इयरिंग्स साथ ही फुटवियर में हील्स स्टाइल कर सकती हैं। न्यू लुक के लिए आप इस तरह की मिडी ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा।

### फ्लोरल ऑफ शोल्डर ड्रेस

अगर आप फ्लोरल पैटर्न में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की ड्रेस भी वियर कर सकती हैं। यह ड्रेस लॉन्ग पैटर्न और फ्लोरल डिजाइन में है और इस ड्रेस में आपका लुक सुंदर नजर आएगा। इस ड्रेस को आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये ड्रेस 700 से 800 रुपये की कीमत में मिल सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप इयरिंग्स साथ ही फुटवियर में फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।

### मैक्सी ड्रेस

अगर आप लॉन्ग पैटर्न में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की मैक्सी ड्रेस वियर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही अलग और रॉयल नजर आएगा।

## ब्यूटी ब्लेंडर का कर रही हैं इस्तेमाल तो इन बातों का रखें खास ध्यान

मेकअप करना हर महिला को पसंद है और परफेक्ट मेकअप करने के लिए महिलाएं कई चीजों का इस्तेमाल करती हैं। इन सभी चीजों में ब्यूटी ब्लेंडर भी है। ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से आप फाउंडेशन, कंसीलर समेत अन्य प्रोडक्ट्स को स्किन में सही से अप्लाई कर पाती हैं। लेकिन, ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करने के दौरान कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप इन बातों का ध्यान नहीं रखती हैं तो आपकी स्किन को नुकसान हो सकता है।

### साफ-सफाई का रखें ध्यान

जहां मेकअप करने से पहले स्किन को अच्छी तरह से साफ करना जरुरी है तो वहीं ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल करने से पहले इसे भी अच्छी तरह से साफ करें। अगर आप ब्यूटी ब्लेंडर को बिना साफ किए इस्तेमाल करती हैं तो इसमें पनप रहे बैक्टीरिया स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप ब्यूटी ब्लेंडर को शैंपू या साबुन की मदद से धो लें। इसके बाद आप इसे सूखा लें। वहीं पूरी तरह सूख जाने के बाद आप



इसे इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं ब्यूटी ब्लेंडर को हफ्ते में एक दिन अच्छी तरह से डीप क्लीनिंग करें।

### सही तरह से करें ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल

जहां ब्यूटी ब्लेंडर को इस्तेमाल करने से पहले इसे अच्छी तरह से साफ करना जरूरी है तो वहीं स्किन पर इसे सही तरह से अप्लाई भी करना चाहिए। अगर आप ब्यूटी ब्लेंडर को चेहरे पर रगड़ कर अप्लाई करती है तो स्किन को नुकसान हो सकता है। स्किन को किसी तरह का नुकसान न हो इसके लिए आप ब्यूटी ब्लेंडर को रगड़ने से बचें और हल्का टैप करके मेकअप ब्लेंड करें।

## सूट या कुर्ती के साथ स्टाइल करें इयरिंग्स

ऑफिस या किसी खास मौके पर महिलाएं साड़ी के बाद सूट या कुर्ती वियर करना पसंद करती हैं। यह आउटफिट ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए बेस्ट है लेकिन, अगर आप चाहती हैं इस आउटफिट में आप स्टाइलिश नजर आए तो आप ये न्यू डिजाइंस वाले इयरिंग्स स्टाइल कर सकती हैं। इयरिंग्स जहां आपके लुक को कम्पलीट करने में मदद करेगा तो वहीं आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।



### स्टोन सिल्वर इयरिंग्स

अगर आप लाइट कलर का सूट या कुर्ती स्टाइल कर रही हैं तो आप इस तरह की इयरिंग्स का चुनाव कर सकती हैं। यह स्टोन सिल्वर इयरिंग्स न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस तरह के इयरिंग्स आप ब्लैक कलर के आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। साथ ही, इस तरह के स्टोन सिल्वर इयरिंग्स आप अपने आउटफिट के हिसाब से भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के स्टोन सिल्वर इयरिंग्स आपको 200 से कम कीमत में बाजार से मिल सकते है साथ ही ऑनलाइन भी आप सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

### सिल्वर इयरिंग्स

अगर आप इस बात का चुनाव नहीं कर पा रही है कि किस तरह के इयरिंग्स आप सूट या कुर्ती के साथ स्टाइल कर सकती हैं। तो, आप इस तरह के सिल्वर झुमका अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह झुमके आप हर तरह के आउटफिट के साथ स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इस सिल्वर झुमके को आप 200 रुपये के साथ कई तरह के डिजाइन ऑप्शन के साथ खरीद सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए आप इस तरह के स्टोन वर्क बटरफ्लाई इयरिंग्स वियर वियर कर सकती हैं। यह स्टोन वर्क बटरफ्लाई इयरिंग्स न्यू लुक पाने के लिए और इन इयरिंग्स को आप डार्क कलर के कुर्ती या सूट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### गलतियों में सुधार करेंगे तो मिलेगी तारीफ

## मोटापा आपके फैशन में नहीं बन सकता बाधा, प्लस साइज के साथ बनें स्टाइलिश

मोटापा लड़कियों की एक बड़ी समस्या है लेकिन इसका असर पुरुषों पर भी बराबर से होता है। मतलब सिर्फ महिलाएं ही नहीं पुरुषों को भी प्लस साइज कपड़े पहनने होते हैं।

लेकिन प्लस साइज कपड़े पहन रहे हैं तो इसका ये मतलब नहीं कि आप अच्छे दिखने की कोशिश ही न करें। बल्कि आप भी स्मार्ट और स्टाइलिश लग सकते हैं। कैसे? का जवाब हमारे पास है। दरअसल इसके लिए आपको कुछ गलतियां करने से बचना होगा। कौन-कौन सी हैं ये गलतियां जानिए-

### ढीले कपड़ों की जरुरत नहीं

अक्सर प्लस साइज़ कपड़े पहनने वाले लोग ढीले कपड़े पहन लेते हैं ताकि उनकी बॉडी का आकार पता ना चले। लेकिन इस तरह आप अपना लुक और खराब कर लेते हैं। इसका मतलब ये भी नहीं है कि आप बिलकुल टाइट कपड़े पहन लें। इसके लिए आपको साइज़ में भी बैलेंस ढूंढना होगा।

### लेयर्स भी बनाएंगी परफेक्ट लुक

अक्सर प्लस साइज़ कपड़े पहनने वाले लोग सोचते हैं कि लेयर्स में कपड़े पहनने पर लुक और भारी आएगा।



लेकिन ऐसा नहीं होगा अगर आप लेयर्स को अच्छे तरीके से प्लान करें। इसके लिए आप हल्के मटेरियल के कपड़े लें। इसके साथ एक ही कलर पैलेट में लेयर्स वाले कपड़े चुनें। इतना ही नहीं डाईगनल और वर्टिकल स्ट्राइप भी चुनी जा सकती हैं।

### छोटे प्रिंट फबेंगे आप पर

याद रखिए आप प्लस साइज़ कपड़े पहनते हैं, इनमें अगर बड़े प्रिंट पहेनेंगे तो आप और भारी नजर आएंगे। इसलिए आपको छोटे प्रिंट ही पहनने चाहिए।

### टेलर से लें मदद

आपने किसी नामी स्टोर से कपड़े लिए होंगे लेकिन ये हमेशा संभव नहीं हो पाता है कि इन कपड़ों की फिटिंग आपके हिसाब से ठीक हो। इसलिए जरूरी है, कि आप अपने कपड़ों को स्टोर से लेने के बाद भी अपने हिसाब से ऑल्टर जरूर कराएं। इसमें आप पैंट की लंबाई से लेकर शर्ट की बांहों तक सब पर ध्यान दीजिए। टेलरफिट ड्रेस में आपका लुक अच्छा आएगा ही।

### बैलेंस लुक

आप ड्रेसिंग करते हुए लुक को बैलेंस करने पर ध्यान दें। लोग जब आपको देखें तो उन्हें आपकी बॉडी प्रपोशनल लगनी चाहिए। इसलिए ये बैलेंस आपको करना होगा। जैसे ऊपर के कपड़े में बड़े प्रिंट के साथ नीचे प्लेन पहनना गलत है। आप कार्टून प्रिंट के साथ प्लेन ट्राउजर्स नहीं पहन सकते हैं।

